दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



जब लेंगी प्रॉपर डाइट सही रहेगी आपकी हेल्थ

रंग-बिरंगी रंगोली से सजाएं घर

वर्ष : 12 अंक : 307 लखनऊ, 04 नवम्बर ,बुधवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी से किया पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन

2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क था, अब 1200 किमी हो गया, मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में थी अब 26 शहरों में चल रहीं

भारत दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है।

2014 में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में उपलब्ध थीं जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। हर दिन 1 करोड़ से अधिक लोग मेट्रो से यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल है।

◆ भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ



केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ

मोदी ने कहा कि इस संकट के समय केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें पूर्ण संवेदनशीलता के साथ मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस स्थिति से प्रभावित किसान और ग्रामीण परिवार भी दिवाली मना सकें।

देश सेवा का संकल्प पूरा कर रहा

वडोदरा कॉरिडोर के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि जब देश ने सेवा करने का मौका दिया तो हमने मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।

सरकार का जोर जन-केंद्रित और 'सक्रिय सुशासन' पर

देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार यह दर्शाता है कि सरकार का जोर 'जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर रहा है। पुणे मेट्रो के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आने-जाने में लगने वाला समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। उन्होंने कहा कि हिंजवाड़ी और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के एक प्रमुख आईटी हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी

680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2014 में सिर्फ 11 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जो अब बढ़कर लगभग 300 किलोमीटर हो गया है, जबकि 680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम जारी है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में अकेले मेट्रो बुनियादी ढांचे में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ रहा है। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं

यह कॉरिडोर हिंजवाड़ी आईटी हब को सिविल कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलेगी, यातायात जाम कम होगा और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।



योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपए और स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे।



यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

जयपुर में बड़ी कार्रवाई 35 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर। यहां फूड सिक्योरिटी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में करीब 35 हजार लीटर घी जब्त किया। टीम ने एक मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग फैक्ट्री को भी सील कर दिया।



यह कार्रवाई राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत की। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

आज 'ई-फाइलिंग 3.0' पर कार्यशाला करेगी सरकार

नई दिल्ली। न्याय विभाग, कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से बुधवार को को 'ई-फाइलिंग 3.0: प्रक्रिया से व्यवहार तक' विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी।



'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947 में मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी।

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों ,फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हार नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं

शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में झोंकने की तोहरी साजिश की तैयारी कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर मरे हुए लोगों और अजाने पंजीकृत पते से कर हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में गरजे चौहान ने किया विपक्ष पर वार

चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार

बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम झूठ फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।



अनुराग का राहुल पर पलटवार

वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया

सोनीपत। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के झूठे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।



राहुल के विदेशी जमीन वाले बयान पर बोले शिवराज

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह पैटर्न ही है, जैसे इल्हान उमर,पूर्व पाकिस्तानी पीएम इमरान खान की बात करें, अराजकतावादी भारतीय इतिहास लेखन चाहें और अराजकतावादी संविधान की किताब विकास।

भाटिया ने किया विपक्ष पर बड़ा हमला

राहुल सत्ता के लिए देश को जला रहे, अराजक बना रहे

हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। भाटिया ने राहुल पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का किया जिक्र

भाटिया ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितिन प्रसाद ने भी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मार्च का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं है।

यही चलता रहा तो लोग राहुल का विकल्प ढूंढ लेंगे: भाजपा ने एसआईआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर हमला तेज करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर राहुल गांधी सत्ता परिवर्तन के लिए अपने अराजकता के मॉडल को जारी रखते हैं, तो जनता विपक्ष में उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प ढूंढ लेगी।

दम हो तो यह बोलकर दिखाएं नेहा

भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो वेव सीरीज वह भी बोलकर दिखाएं कि मंदिरों और बदरसों में नौकरों गुलिस्तां वगैरह के साथ दुष्कर्म करते हैं। वेश्या इस तरह की बात नहीं कहेंगी। इस तरह की घृणित विरोध गलत मंशा से किया जा रहा है।

निर्वाचन को चुनौती पर चुनौती दी

याचिका की सुनवाई में प्रारंभिक मुद्दा तय करने से किया इनकार,अर्जी रद्द

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नई याचिका खारिज कर दी। इसमें उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में पाटन सीट से अपने निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान प्रारंभिक मुद्दा तय करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने 28 सितंबर को भी पूर्व मुख्यमंत्री की उस याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता विजय बघेल की ओर से उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को लेकर हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मंगलवार को चुनाव याचिका की सुनवाई में देरी करने के प्रयासों पर नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि चुनाव याचिकाओं का निपटारा उचित समयसीमा के भीतर होना चाहिए।



लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनजिन रिग्डोल को महासचिव, राचसकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनजिन त्सोवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक



श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।

कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूली रिश्वत, वे 35 करोड़ से बनवा रहे थे ड्रीम प्रोजेक्ट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स



कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता को प्रस्तावित स्कूल का केयरटेकर बनाने की योजना थी।

9 उम्मीदवारों को आंसर-की लीक करने का आरोप

शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी सदस्य बीवी लोकेश पर 9 उम्मीदवारों को 9 जनवरी को हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की परीक्षा की आंसर-की उपलब्ध कराने और इसके बदले 30 लाख से 40 लाख रुपए तक रिश्वत लेने का आरोप है। साहूकार से तीसरी रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की राशि डील में से 10 लाख रुपये लिए थे, जबकि लोक से पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 30 लाख एडवांस लिए थे।

संक्षेप

पुताई के दौरान बुजुर्ग पर रॉड से हमला, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग स्थित लाऊंगा खेड़ा में घर की दीवार पर पुताई कर रहे बुजुर्ग पर रॉड से हमला कर दिया गया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के मुताबिक, तीन नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे वह घर की दीवार पर पुताई कर रहे थे। इसी दौरान उमेश यादव वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि कहासुनी के बाद उमेश ने रॉड से उन पर हमला कर दिया। इससे बुजुर्ग को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने तेलीबाग पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी उमेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ महानगर की 54 सदस्यीय कार्यसमिति घोषित

लखनऊ। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ महानगर की 54 सदस्यीय कार्यसमिति घोषित कर दी गई हह्य। प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व तथा भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की सहमति के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर अध्यक्ष किशन कुमार ने कार्यसमिति की सूची जारी की हह्य। घोषित कार्यसमिति में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई हह्य।मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि घोषित सूची के अनुसार सुदर्शन कटियार, दिनेश कुमार, डीसी गुप्ता, सत्य प्रकाश राजपूत, उदयचंद चौरसिया, मनोज पाल, शिवपाल सांवरिया एवं दीपक साहू को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया हह्य। वहीं, महेंद्र राजपूत, राजू कश्यप एवं संत सरन वर्मा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई हह्य। जिला मंत्री के रूप में रमेश यादव, दिलीप कुमार वर्मा, मयंक शर्मा, रामजी चौरसिया, ऋषभ गुप्ता, हरेराम शर्मा, सुमित कुमार गुप्ता एवं धर्मेश सिंह चौहान को शामिल किया गया

कालीचरण पीजी कालेज में नेशनल सेमिनार, 12 राज्यों के शोधार्थियों ने लिया भाग

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कालीचरण पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में मंगलवार को 'भक्ति आन्दोलन और मराठा राज्य शासन पर उसका प्रभाव' विषय पर आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय 'नेशनल सेमिनार' के द्वितीय दिवस पर अकादमिक सत्रों और समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक इं. वी. के. मिश्र ने मुख्य अतिथि के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस नेशनल सेमिनार में उ०प्र० के साथ-साथ लगभग 12 प्रदेशों से भी शोधार्थियों और विद्वानों ने प्रतिभाग किया है। यह इस सेमिनार की सार्थकता का प्रमाण है। महाविद्यालय में ऐसे आयोजन उसकी अकादमिक प्रगति को दर्शाते हैं। 'समापन समारोह कार्यक्रम' के मुख्य अतिथि डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे. पी. पाण्डेय ने विषय पर गम्भीरता से अपनी बात रखते हुए कहा कि भक्ति आन्दोलन का प्रारम्भ जाति व्यवस्था को तोड़ने के लिए हुआ था, लेकिन अलवर और नयनार सन्तों के द्वारा प्रारम्भ किए गए इस भक्ति आन्दोलन का उद्देश्य जिन कुरीतियों को खत्म करने के लिए हुआ था, उनमें से कुछ आज भी विद्यमान हैं। परमात्मा से जोड़ने वाले तीन प्रमुख मार्गों ज्ञान, कर्म और भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि भक्ति का मार्ग उसी को प्राप्त होता है, जो निश्चल भाव से परमात्मा को समर्पित हो जाता है। जिस तरह से गन्दे बर्तन में स्वच्छ जल रखने से वह दूषित हो जाता है, उसी प्रकार अन्तःकरण में छल-कपट होने से परमात्मा की कृपा नहीं होती। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि मराठा राज्य का प्रारम्भ छत्रपति शिवाजी से होता है। हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना शिवाजी ने की जिसकी प्रेरणा उनकी माता जीजाबाई से मिली थी। जिसको बढ़ाने में समर्थ गुरु रामदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गुरु रामदास शिवाजी के राजनीतिक और आध्यात्मिक गुरु थे, उन्होंने महाराष्ट्र की संस्कृति और सभ्यता की रक्षा की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता कर रहे प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रो. एम. पी. सिंह, पूर्व प्रतिकुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है। शिवाजी का व्यक्तित्व हमें मुश्किलों में आगे कैसे बढ़ें इसकी प्रेरणा देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चन्द्रमोहन उपाध्याय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस आन्दोलन का सबसे बड़ा प्रभाव यह पड़ा कि भारत में सर्वप्रथम 'मराठा संघ राज्य' की स्थापना हुई। ट्रस्ट की तरह राज्य को स्थापित करने वाले शिवाजी पहले शासक थे। तभी वह मुगलों का सामना कर पाये। मराठा साम्राज्य में कभी भी महिलाओं को बंधक नहीं बनाया गया यह भक्ति आन्दोलन का ही प्रभाव था। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. अर्चना मिश्रा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इन दो दिनों में ऑफलाइन छह अकादमिक सत्रों का संचालन और ऑनलाइन दो अकादमिक सत्रों का संचालन किया गया। इनमें लगभग 100 शोधपत्रों का वाचन शोधार्थियों और विद्वानों के द्वारा किया गया। सेमिनार में 12 राज्यों के 15 विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक शोधार्थियों और विद्वानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. मनोज कुमार पाण्डेय ने किया। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ. अल्का द्विवेदी के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत की मनोरम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण, शोधार्थी एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ मजदूर की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सुल्तानपुर जिले के भंडरा परसरामपुर निवासी बृजलाल (51) मंगलवार सुबह करीब 4 बजे सुल्तानपुर से मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली सुल्तानपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस से गांव के ही तीन चार साथियों के साथ मजदूरी करने मुंबई जा रहा था। तभी सुबह करीब 8 बजे बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी - पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन के बीच वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान उसके साथियों ने इसकी सूचना बृजलाल के परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजनों ने रेलवे पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। रेलवे पुलिस कंट्रोल रूम से पूर्वाह्न करीब 11 बजे हरौनी स्थित आरपीएफ चौकी पुलिस को सूचना मिली तो आरपीएफ कर्मियों ने काफी देर तक हरौनी रेलवे स्टेशन के आसपास रेलवे पटरी पर शव की तलाश की। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद उन्होंने बंथरा पुलिस को सूचना दी। बाद में बंथरा पुलिस और आरपीएफ ने काफी दूर तक रेलवे पटरी के किनारे तलाश की। तब शाम करीब 4 बजे हरौनी रेलवे स्टेशन से करीब 4 किलोमीटर दूर पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन की तरफ रेलवे पटरी के किनारे बृजलाल मृत पड़ा मिला। उसका बाया हाथ कटा था। उधर इसी बीच मृतक का भतीजा अनिल कुमार मौके पर पहुंचा। उसकी मौजूदगी में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी प्रेमा देवी के अलावा दो बेटे सत्यम और शिवम हैं।



अमौसी गैस प्लांट में ट्रांसपोर्टरों का चक्का जाम, राजधानी में ठप हुई इंडेन सिलेंडरों की सप्लाई

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी स्थित इंडियन ऑयल एलपीजी गैस बॉटलिंग प्लांट के ट्रक ट्रांसपोर्टरों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार सुबह छह बजे से सिलेंडरों की उठान बंद कर दी। ट्रकों का चक्का जाम होने से लखनऊ जिले की सभी इंडेन गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों की आपूर्ति ठप हो गई। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रांसपोर्टरों ने कंपनी पर टेंडर के समय किए गए वादे से मुकरने का आरोप लगाया है। ट्रांसपोर्टर राजू यादव, अतुल यादव, प्रमोद वर्मा, योगेश सिंह और प्रवीन यादव ने बताया कि वर्ष 2023 में हुए टेंडर के तहत 15 ट्रांसपोर्टरों के करीब 206 ट्रक प्लांट में लगाए गए थे। तब कंपनी ने लखनऊ सहित बाराबंकी, फैजाबाद, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और सीतापुर की कुल 192 गैस एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी थी। इसके एवज में कंपनी द्वारा सालाना 38.80 करोड़ रुपये का काम देने का आश्वासन दिया गया था। इस आधार पर प्रति ट्रक करीब 2.45 लाख रुपये प्रतिमाह की आमदनी का अनुमान लगाकर ट्रांसपोर्टरों ने टेंडर डाला और गैस प्लांट में लगाने के लिए कर्ज लेकर गाड़ियां खरीदी थी। आरोप है कि करीब एक साल पहले कंपनी ने कार्यक्षेत्र घटाकर लखनऊ और बाराबंकी की केवल 80 एजेंसियों तक सीमित कर दिया। इससे प्रति ट्रक काम घटकर 80 से 90 हजार रुपये प्रतिमाह रह गया। जबकि किस्त, चालक का वेतन, डीजल और लोडिंग-अनलोडिंग मिलाकर करीब 1.20 लाख रुपये मासिक खर्च हो रहा है।इसी से परेशान ट्रांसपोर्टरों ने मंगलवार सुबह से ही चक्का जाम कर दिया। गैस सिलेंडरों की उठान बंद होने और ट्रांसपोर्टरों की मांगों को लेकर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे इंडियन ऑयल के यूपी स्टेट ऑफिस के जनरल मैनेजर एनके श्रीवास्तव, सीनियर मैनेजर रवि सिंह, सेल्स अधिकारी राजेंद्र कुमार बैठा और प्लांट मैनेजर जेपी सिंह ने ट्रांसपोर्टरों के साथ प्लांट परिसर में बैठक की। इस दौरान करीब ढाई घंटे चली वार्ता में अधिकारियों ने आसपास के जिलों की 30 अतिरिक्त एजेंसियों का काम देने का आश्वासन दिया, लेकिन ट्रांसपोर्टर नहीं माने। उनका कहना था कि जब तक टेंडर के मुताबिक सभी 192 एजेंसियों का काम नहीं मिलेगा, हड़ताल खत्म नहीं होगी। हालांकि इस दौरान अधिकारियों ने दीपावली त्योहार को लेकर 20 अक्टूबर तक आपूर्ति जारी रखने की अपील की, लेकिन ट्रांसपोर्टर नहीं माने और अपनी मांग पर ही अड़े रहे। वहीं ट्रांसपोर्टरों के रुख को देखते हुए बुधवार को भी गैस आपूर्ति बाधित रहने की आशंका है।

ओमनी वैन से डेढ़ कुंतल मांस बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

कसाई टोला में छापेमारी कर पशु कटान के उपकरण भी किए बरामद, दोनों को जेल भेजा

अमन लेखनी समाचार



सामान के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में ओमनी वैन से मांस ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वैन से सात प्लास्टिक के बोरों में करीब डेढ़ कुंतल मांस बरामद किया है। वहीं, गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर मलिहाबाद कस्बे के कसाई टोला में छापेमारी कर पशु कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ओमनी वैन को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना निवासी भूपेंद्र ने सोमवार को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोग ओमनी वैन से मांस लेकर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ओमनी वैन में मांस लेकर जुगराजगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को संगठन के लोगों ने वैन घेर रखी थी। पुलिस ने वैन चालक मोहम्मद फैजुल निवासी टिकरा बरार, थाना संडीला, हरदोई को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सात प्लास्टिक के बोरों में करीब डेढ़ कुंतल मांस मिला। पशु चिकित्सक नीरज कुमार ने मांस का नमूना लेने के बाद शेष मांस को नष्ट कराकर जमीन में दफन करा दिया। इसके बाद पुलिस ने चालक फैजुल की निशानदेही पर मलिहाबाद कस्बे के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा स्थित कसाई टोला में छापेमारी की। यहां कथित पशु कटान स्थल से सात छुरी, छह बांके, तीन लकड़ी के ठीहे, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, तीन कुल्हाड़ी, एक तराजू, पांच रेती, छह अलग-अलग बांट और दो नायलॉन की रस्सी का गुच्छा भी बरामद किया गया। इसी मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी मोहम्मद रिजवान निवासी मुन्नू खेड़ा, थाना संडीला, हरदोई को मलिहाबाद के मुजासा तिराहे से गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया हैं।

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश

स्कूल आते-जाते समय रास्ते में रोककर करता था परेशान, पिता पर चाकू से हमले का भी आरोप; लापरवाही में कसमंडी चौकी प्रभारी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में किशोरी को लगातार परेशान करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गांव के ही हंस कुमार शुक्ला (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे साहिलामऊ क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। मामले में नामजद आरोपी के भाई, मां और पिता की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वहीं, पीड़ित परिवार की पूर्व शिकायत पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने के आरोप में कसमंडी चौकी प्रभारी को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार को किशोरी के पिता ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव का हंस कुमार काफी समय से उनकी करीब 14 वर्षीय बेटी को परेशान कर रहा था। वह स्कूल आते-जाते समय रास्ते में रोककर उसे अपने साथ चलने का दबाव बनाता था। लगातार परेशान किए जाने से किशोरी मानसिक तनाव में रहने लगी थी।

विरोध करने पर परिवार से की थी मारपीट

पिता ने आरोप लगाया कि करीब पांच महीने पहले हंस कुमार, उसके भाई विनय कुमार, मां रामलली और पिता श्याम सुंदर ने उनके परिवार के साथ मारपीट की थी। इस दौरान चाकू से हमला किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पिता के मुताबिक, लगातार मिल रही धमकियों और उत्पीड़न से बेटी काफी भयभीत थी। सोमवार दोपहर जब वह घर पहुंचे तो बेटी कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटकी मिली। उसे देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।



आरोपी हंस कुमार

क्रॉसिंग के पास पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर मलिहाबाद-साहिलामऊ क्रॉसिंग के पास चेकिंग के दौरान मुख्य आरोपी हंस कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने पारिवारिक विवाद और आपसी रंजिश की बात बताई है।

शिकायत पर कार्रवाई में लापरवाही, चौकी प्रभारी निलंबित

मामले में पीड़ित परिवार की पूर्व शिकायत के बावजूद समय से कार्रवाई नहीं करने और लापरवाही बरतने के आरोप में डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद ने कसमंडी चौकी प्रभारी विवेक कुमार को निलंबित कर दिया था। मलिहाबाद के अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नामजद फरार तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेगी जनता : डॉ. राजेश्वर सिंह

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में शामिल हुए डॉ. राजेश्वर सिंह, कांग्रेस पर बोला हमला

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा में मंगलवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने दल-बल के साथ हिस्सा लिया। विधानसभा से परिवर्तन चौक तक निकली इस पदयात्रा का नेतृत्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने किया। पदयात्रा के बाद जारी बयान में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा देश के सामने बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि जो दल चुनाव में जनता का विश्वास जीतने में विफल हो रहे हैं, वे अब अराजकता और विरोध-प्रदर्शन का सहारा ले रहे हैं। उनकी मंशा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को काम करने से रोकने की है। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 100 से अधिक बार अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर सरकारें बर्खास्त की गईं। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगे, कश्मीर से हिंदुओं के पलायन और सपा शासन में कारसेवकों पर गोली चलाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए विपक्ष के इतिहास पर सवाल उठाए। पीडीए के नारे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीति समाज को बांटने वाली है, जो अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की नीति जैसी है। देश को फिर से विभाजनकारी राजनीति की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यदि कोई मुद्दा उठाना है तो लोकतांत्रिक तरीके से जनता के बीच जाना चाहिए, धरना-प्रदर्शन और अव्यवस्था पैदा करना विकल्प नहीं है।

तिहरा हत्याकांड : आरोपी के मकान की सैटेलाइट से होगी जांच

नजूल की जमीन पर कब्जे की अवधि भी पता लगायेगा रिमोट सेंसिंग सेंटर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सआदतगंज तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपित श्रषभ शुक्ला के मकान को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब मकान के स्वीकृत नक्शे और मौके पर हुए निर्माण की वास्तविक स्थिति का पता अत्याधुनिक सैटेलाइट तकनीक से लगाया जाएगा। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रिमोट सेंसिंग एंड एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक को विस्तृत तकनीकी जांच कराने को लेकर पत्र लिखा है।

इससे पहले एलडीए की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन (ईटीएस) तकनीक से मकान की पैमाइश कराई गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि मुख्य भवन का निर्माण भवन स्वामी की निजी जमीन पर है, जबकि मकान की बाहरी बाउंड्रीवॉल नजूल की सरकारी जमीन पर बनाई गई थी। इसी अतिक्रमण वाले हिस्से को एलडीए की कार्रवाई के दौरान ध्वस्त किया गया था। प्रारंभिक पैमाइश में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद अब प्राधिकरण मुख्य भवन के निर्माण की भी जांच कराना चाहता है।

सैटेलाइट इमेजरी के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि मकान का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप हुआ है या उसमें निर्धारित मानकों से हटकर अतिरिक्त निर्माण कराया गया है। जांच में पुराने सैटेलाइट चित्रों का भी सहारा लिया जाएगा। इनके माध्यम से भवन के निर्माण की अलग-अलग अवधियों और उसके विस्तार की स्थिति का आकलन किया जाएगा।

साथ ही सरकारी और निजी जमीन की सीमाओं का डिजिटल मिलान कर यह पता लगाने का प्रयास होगा कि नजूल भूमि पर अतिक्रमण कब और किस स्तर पर किया गया। एलडीए की इस पहल से मकान के निर्माण, स्वीकृत नक्शे और जमीन की वास्तविक स्थिति को लेकर तकनीकी तथ्यों के आधार पर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। रिमोट सेंसिंग सेंटर की रिपोर्ट मिलने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगा।

सरकारी सुविधाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे : धामी

मुख्यमंत्री ने 14.97 करोड़ की सड़क परियोजना में किया भूमिपूजन

अमन लेखनी समाचार

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य आम नागरिक के जीवन को सुगम बनाना और सरकारी सुविधाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। राज्य सरकार जनहित को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने ऊधम सिंह नगर के खटीमा स्थित अपने कैंप कार्यालय में क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समयसीमा में समाधान किया जाए। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ें, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि की भावना के अनुरूप प्रशासनिक कार्यप्रणाली को मजबूत कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने खटीमा के आधारभूत ढांचे को विस्तार देने वाली 14.97 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का भी भूमि पूजन किया। खटीमा चौक से थारू विकास भवन तक प्रस्तावित मोटर मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात का संचालन अधिक सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मार्ग पर आवागमन करने वाले स्थानीय लोगों, व्यापारियों और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को परियोजना पूरी होने के बाद बड़ी राहत मिलेगी। सड़क की क्षमता बढ़ने से जाम की स्थिति में कमी आएगी और क्षेत्रीय आवागमन को नई सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने खटीमा के प्रति अपने विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की जनता के साथ उनका संबंध आत्मीयता और विश्वास पर आधारित है। क्षेत्रवासियों से मिलने वाला सहयोग और आशीर्वाद उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि खटीमा की जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाओं को आगे बढ़ाना और नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्रतिबद्धता है। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय में भवन निर्माण, आईटीआई के उन्नयन और बालिका विद्यालयों के आधुनिकीकरण जैसे कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही सड़क नेटवर्क को मजबूत करने, पुलों के निर्माण और बस अड्डे जैसी परिवहन सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए चीनी मिल का सुचारु संचालन, गन्ने की समय पर पेराई और भुगतान की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। सरकार इन विषयों को प्राथमिकता के आधार पर देख रही है। खटीमा नगर की जल निकासी व्यवस्था में सुधार के लिए भी विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में विकसित की जा रही नई सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑक्सीजन पार्क, क्रोकोडाइल पार्क और धार्मिक स्थलों के विकास से खटीमा को पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि नगर का सुनियोजित विकास करते हुए इसे स्वच्छता, बेहतर नागरिक सुविधाओं और आधुनिक आधारभूत संरचना का उदाहरण बनाया जाए।

संक्षेप

घर में घुसकर महिला और उसके पति पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्रीपतपुर में आपसी रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट पीड़ित महिला ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।ग्राम श्रीपतपुर निवासी अनीता पत्नी रामशंकर ने थाने में तहरीर दिया कि 31 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 8:30 बजे देवर विजयशंकर और उनकी पत्नी फूलमती दोनों एक राय होकर घर में जबरन घुस आए। दोनों ने आते ही अभद्रता और गाली-गलौच शुरू कर दी।विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट की।इस दौरान पति घर पर मौजूद नहीं थे। जब उन्हें घटना की सूचना मिली और वे घर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी लात-घूंसों से जमकर मारपीट की, जिससे पति-पत्नी दोनों को गंभीर चोटें आई घर के अंदर हो रहे हंगामे और मारपीट की आवाज सुनकर आसपास के तमाम पड़ोसी मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूल के बाबू की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर गंगाघाट क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान प्रवीण मिश्रा (32) के रूप में हुई है, जो शुक्लागंज के गायत्री नगर में रहते थे। वह अचलगंज क्षेत्र के हड़हा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में बाबू के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि वह अपनी बाइक से मैकेनिक को साथ लेकर जा रहे थे। तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठे मैकेनिक की जान बाल-बाल बच गई, जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और करीब एक किमी तक जाम लग गया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।प्रवीण मिश्रा अपने पिता अरुण मिश्रा के इकलौते बेटे थे।उनकी शादी करीब 4 साल पहले हुई थी।परिवार में पत्नी प्रिया मिश्रा और दो छोटे बच्चे हैं। पत्नी प्रिया पाटन ब्लॉक के तकिया में लेखपाल के पद पर तैनात हैं और इन दिनों मैटरनिटी लीव पर हैं।पति की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।गंगाघाट कोतवाल अजय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

शिव महापुराण कथा का पंचम दिवस उमड़ी भक्तों भीड़ पंडित प्रदीप मिश्रा ने भक्तों को कथा का कराया रसपान

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। आडंबर विहीन और बिना दिखावे के सच्चे मन से की गई भक्ति से भगवान भोलेनाथ सहज ही प्रकट होकर अपने भक्त को यश और कीर्ति प्रदान करते हैं, जबकि दिखावे की भक्ति का कोई मूल्य नहीं होता।ः यह बात गौरी बीघापुर में आयोजित शिवदीप शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। पंडित प्रदीप मिश्रा ने काशी की प्रसिद्ध 'रहनू नर्तकी' की पावन कथा सुनाते हुए बताया कि वह कोठे पर रहते हुए भी शिव की अनन्य उपासक थी और वहां आने वाले लोगों को परिवार के साथ रहने तथा शिव भक्ति से जुड़ने की प्रेरणा देती थी।एक बार काशी में प्रदोष दीप प्रज्वलन की परीक्षा के दौरान आंधी-तूफान में सभी के दीपक बुझ गए, लेकिन अपमानित होने के बाद भी रहनू द्वारा सच्चे भाव से जलाया गया दीपक जलता रहा। उसकी निष्छल भक्ति से प्रसन्न होकर स्वयं भोलेनाथ ने उसे दर्शन दिए। कथावाचक ने जोर देकर कहा कि ब्रह्मा और विष्णु जी की प्रसन्नता के लिए हजारों वर्षों की कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है, परंतु निर्मल मन से अर्पित एक लोटा जल, बेलपत्र और परिश्रम से ही शिव जी प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं चार गुना करके पूर्ण कर देते हैं। उन्होंने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार 'एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल' है, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में 'योगी बाबा का बुलडोजर' भी जनसमस्याओं का सटीक समाधान है।कथा के पांचवें दिन विशेष रूप से पहुंचे दिल्ली के सांसद, लोक गायक एवं अभिनेता मनोज तिवारी ने अपने सुरीले भजनों से पूरे वातावरण को शिवभक्ति के रंग



में सराबोर कर दिया। उन्होंने ःहर हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे...ः और ःराम के थे, राम के हैं, हम राम के रहेंगेः जैसे चर्चित भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालु और स्वयं पंडित प्रदीप मिश्रा भी भावविभोर होकर झूमते नजर आए।मनोज तिवारी ने उन्नाव की इस पावन धारा पर उमड़ी भीड़ को 'शिव भक्तों का कुंभ' करार दिया।कार्यक्रम में पहुंचे कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) ने सनातन धर्म की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि ःहिंदुत्व के बिना भारत और भारत के बिना हिंदुत्व की कल्पना असंभव हैः।उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों का जिक्र करते हुए सभी जागरूक हिंदुओं को एकजुट होने और धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। शिवदीप शिव महापुराण कथा के इस दिव्य आयोजन में कानपुर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, प्रतापगढ़ एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह, शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी सहित सरोज शुक्ला, प्रांजल त्रिवेदी, विजय साहू, वीरेंद्र पटेल, सोनू शुक्ला, अन्नपूर्णा त्रिवेदी, कांति त्रिवेदी, ललिता मिश्रा और शालिनी बाजपेई समेत कई प्रमुख हस्तियां और हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ऑमलेट बनाने से मना करने पर दुकानदार को मारी गोली हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे में सोमवार देर रात दुकान बंद होने के बाद आमलेट बनाने से इनकार करना एक वृद्ध को भारी पड़ गया। दो अंडों का आमलेट बनाने की जिद कर रहे बाइक सवार युवक ने तमंचे से फायर कर दिया।गोली वृद्ध के सीने में दाहिनी ओर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वारदात के बाद आरोपी बाइक से बांगरमऊ की ओर भाग निकला पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी

कस्बे के मोहल्ला सराय सूबेदार निवासी रामबाबू 60 वर्ष उन्नाव-हरदोई मार्ग के किनारे अपने घर के बाहर दुकान में अंडे का आमलेट बेचते हैं। सोमवार रात लगभग 10 बजे एक बाइक सवार युवक उनकी दुकान पर पहुंचा। उस समय रामबाबू दुकान का काम समेटकर शटर बंद कर चुके थे। आरोप है कि युवक ने आवाज देकर दो अंडों का आमलेट बनाने को कहा। दुकान बंद होने की बात कहने पर युवक ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गोली रामबाबू के सीने में दाहिनी ओर जा लगी।

गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी बाइक से बांगरमऊ की तरफ भाग निकला। घायल रामबाबू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हमलावर युवक उनके परिचय का नहीं था। घटना के संबंध में घायल के पुत्र अनूप ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

मंगलवार को एसओजी और कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में हेलमेट लगाए एक बाइक सवार पहले कुछ देर सड़क किनारे खड़ा दिखाई दिया। इसके बाद वह दुकान की ओर गया और वापस बाइक पर बैठकर बांगरमऊ की तरफ चला गया। करीब सात मिनट के घटनाक्रम में आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि घायल के पुत्र अनूप की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार अकेला दिखाई दे रहा है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए गहनता से जांच की जा रही है।

पांच भैंसों से भरा वाहन रोका, एक भैंस मरणासन्न मिली, दो पर केस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में पांच भैंसों से भरा एक वाहन रोका गया। वाहन में भरी भैंसों में से एक मरणासन्न हालत में मिली। वाहन रोकने के दौरान विवाद भी हुआ। पुलिस ने चालक और कंडक्टर समेत दो नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता नवाबगंज निवासी वैभव श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 1 नवंबर को उन्हें और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को वाहन में पशुओं के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी। उन्होंने वाहन संख्या वढ71इळ4897 का पीछा किया। आरोप है कि चालक वाहन तेज रफ्तार से आरटीओ कार्यालय के सामने पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने उसे रोक लिया।

वैभव के अनुसार वाहन में क्षमता से अधिक पांच भैंसें ठूंसकर भरी गई थीं, जिनमें एक भैंस मरणासन्न स्थिति में पड़ी थी। आरोप है कि वाहन रोकने के बाद वहां अंकित यादव और नितिन यादव पहुंचे और वैभव के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। वाहन चालक और कंडक्टर पर भी अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।कार्यकर्ताओं ने वाहन और पशुओं को मौके पर रोककर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सरे आम गुंडई, दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटकर तोड़ी युवक की बाइक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर में सरेआम दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां किसी काम से आए कानपुर निवासी एक युवक की खड़ी बाइक पर दो युवकों ने लाठी-डंडों से धावा बोल दिया। हमलावरों ने सरेआम बाइक पर जमकर लाठियां बरसाईं और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। दबंगई की यह पूरी वारदात पास ही स्थित एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैप्राप्त जानकारी के अनुसार, कानपुर नगर के गंगा बैराज इलाके का रहने वाला रामेश्वर किसी निजी काम के सिलसिले में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर आया हुआ था। उसने अपनी बाइक एक सुरक्षित जगह पर खड़ी की थी और अपने काम में व्यस्त था। बताया जा रहा है कि इसी बीच वहां दो युवक हाथों में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। उन्होंने रामेश्वर की बाइक को निशाना बनाते हुए उस पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। सरेआम हुई इस तोड़फोड़ से इलाके में दहशत का माहौल बन गया और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।दबंगों ने बेखौफ होकर बाइक को बुरी तरह से चकनाचूर कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त रामेश्वर बाइक के पास मौजूद नहीं था, अन्यथा वह भी जानलेवा हमले का शिकार हो सकता था।प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों की चर्चाओं के अनुसार, इस दुस्साहसिक वारदात के पीछे किसी पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच विवाद की असली वजह अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सकी है।घटना के दौरान आसपास मची अफरा-तफरी के बीच, पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक पर लाठियां बरसाते दोनों युवकों की तस्वीरें साफ तौर पर रिकॉर्ड हो गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का मुआयना किया।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर हमलावर युवकों की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। गंगाघाट पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ जल्द ही सख्त विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पीड़ित पक्ष से भी घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कमरे में अचेत मिले युवक को साथी मजदूर सी एच सी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया जनपद देवरिया के ग्राम सरवन थाना श्रीरामपुर निवासी पंकज 21 पुत्र परमानंद कुशवाहा अपने चचेरे मामा हीरामन कुमार के साथ कोतवाली के गांव टोपरा-कोदईयाखेड़ा के मध्य निमार्णाधीन पुरवा बायो फ्यूल कंपनी में ठेकेदारी करता है।बीते छः माह पूर्व पंकज मामा के साथ मजदूरी करने आया था।हीरामन कुमार के मुताबिक सुबह उसके काम पर न आने पर सभी उसे तलाशने लगे। जहां मंगलवार की सुबह 8 बजे वह कमरे में अचेत पड़ा मिला।जिस पर मामा व ठेकेदार रहिमन कुमार साथी मजदूरों के साथ निजी वाहन से उसे लेकर फौरन सीएचसी पुरवा लेकर पहुंचे।जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



घटना की जानकारी होते ही सीएचसी पहुंचे कोतवाली के दरोगा विनोद सिंह ने पंचायतनामा बाद शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेजा है।

भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान की मृदुलता का किया गया वर्णन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित सुशील कुमार बाजपेई के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस भागवताचार्य पं. सतीश त्रिपाठी जी ने भगवान की मृदुलता और करुणा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का स्वभाव कितना मृदुल है, भगवान अपने भक्त के अवगुणों पर ध्यान नहीं देते हैं।

उन्होंने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना नाम की राक्षसी भगवान बालकृष्ण को मारने के लिए अपने स्तनों में कालकूट नामक विष लगाकर गई। उसने भगवान को गोद में लेकर स्तनपान कराया।परमात्मा ने विष युक्त स्तनपान कर उसे परमधाम बैकुंठ भेज दिया। धन्य है परमात्मा की करुणा, रुधिर-मांस खाने वाली, असाधवी, बालघातिनी, हत्यारिन पूतना को भी भगवान ने माता की गति प्रदान कर दी। यह मेरे परमात्मा का स्वभाव है।

आगे भगवान के बाल चरित्रों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने पांच तत्वों को शुद्ध करने का काम किया। मिट्टी खाकर पृथ्वी तत्व को, जंगल की दावाग्नि का पान कर अग्नि तत्व को, कालिया नाग को नाथ कर जल तत्व को, व्योमासुर को मारकर आकाश तत्व को एवं तृणावर्त को मारकर वायु तत्व को शुद्ध किया।

भगवान ने अपने भक्तों का सदैव मान बढ़ाया है और अभिमानियों का मान घटाया है। इंद्र का अभिमान चूर करने के लिए सात वर्ष के कन्हैया ने सात कोस के गिरिराज पर्वत को सात दिन सात रात तक अपनी उंगली पर धारण कर बृजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। भगवान किसी का अहंकार नहीं रखते, अहंकार तो भगवान का भोजन है। नगर के गणमान्य श्रोताओं से पंडाल खचाखच भरा रहा। मंगलमय भजनों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। व्यवस्थापक सतीश बाजपेई, अंकित पांडे व प्रखर बाजपेई ने आए हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कथा के उपरांत प्रसाद वितरण हुआ।

नीम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक ग्रामीण का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया।परिजनों द्वारा बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।बांगरमऊ क्षेत्र के गांव भगवन्तपुर गोटपाली निवासी 40 वर्षीय नायाब पुत्र सोहराब का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। शव लटका होने की सूचना मिलते ही परिजन व तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया गया किंतु परिजनों ने इनकार कर दिया और शव लेकर घर चले गए। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कुछ नसे आदि लती था।वह क्षेत्र के ईंट भट्टों पर ट्राली में ईंटें भरने आदि का काम करता था। वह अपने पीछेएक बेटा और पत्नी समेत अन्य परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया गया।

गणेश बंदना के बाद धनुष भंग लीला का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। रामपुर खंझड़ी गाँव मे 30 अक्टूबर से चल रही रामलीला महासंग्राम के तीसरे दिन गणेश वंदना के बाद सीता स्वयंबर में धनुष भंग की लीला का वर्णन विद्वान कलाकारों के द्वारा किया गया। जहाँ देश के अनेक बलशाली राजा भी उपस्थित थे। जो धनुष को हिला भी न सके। ये देख कर स्वयंबर में उपस्थित सभी राजा दंग रह गया। जब सभी बलशाली राजा बेबस हो गए। तब प्रभु श्रीराम चंद्र ने अपने गुरु विश्वामित्र का स्मरण कर शिव जी के धनुष को एक ही झटके में उठा कर तोड़ दिया। ये लीला देख कर वहाँ उपस्थित सैकड़ो लोगो ने तालियां बजाते हुए जय श्रीराम का उदघोष कर रामलीला को रोचक बना दिया। कार्यक्रम के आयोजक विमलेश तिवारी ने रामलीला में पधारे सैकड़ो भक्तो का आभार प्रकट किया। यहाँ पर आयोजित रामलीला में ग्रामीण खुद अभिनव करते है

कार का टायर पंचर होने पर मैकेनिक के पास गया था युवक, चार लाख कैश और स्कूल के कागजात भरे दो बैग पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के अति व्यस्त इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े टप्पेबाजों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। कार का टायर पंचर होने के बाद मैकेनिक की दुकान पर रुके एक युवक की गाड़ी से करीब चार लाख रुपये की नकदी और स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे दो बैग रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए। घटना का पता चलते ही पीड़ित के होश उड़ गए। मामले की शिकायत सदर कोतवाली पुलिस से की गई है, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिरों की तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित प्रशांत मंगलवार सुबह अपनी कार (यूपी 35 बीवाई 6055) से किसी काम के सिलसिले में निकले थे। वह गांधी नगर तिराहा, छोटा चौराहा और बड़ा चौराहा होते हुए वापस गांधी नगर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान, जोन पार्क के समीप अचानक उनकी कार का अगला बायां टायर पंचर हो गया।

कार पंचर होने पर प्रशांत सरकारी अस्पताल के बगल में स्थित एक पंचर मैकेनिक की दुकान पर पहुंचे। जब वह टायर बनवाने के लिए रुके, तभी उन्होंने पिछली सीट पर नजर दौड़ाई तो वहां रखे दोनों बैग नदारद थे। पीड़ित के मुताबिक, एक नीले रंग के बैग में करीब चार लाख रुपये की भारी नगदी रखी थी, जबकि दूसरे बैग में स्कूल से जुड़े बेहद जरूरी दस्तावेज थे। प्रशांत ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बैग का कहीं अता-पता नहीं चला। आशंका जताई जा रही है कि रास्ते में किसी ने रेकी कर मौका पाते ही इस टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम दिया।

सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुराग तलाश रही पुलिस

बदहवास प्रशांत ने दोपहर करीब तीन बजे सदर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की नामजद तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि यह वारदात सुबह 10:50 से 11:30 बजे के बीच घटित हुई है। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सदर कोतवाली इंस्पेक्टर सीके मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस टीम घटनास्थल के रूट और पंचर की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि शातिर टप्पेबाजों की जल्द से जल्द पहचान कर घटना का खुलासा किया जा सके।

ससुराल आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसा हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सोमवार की अर्धरात्रि के बाद कस्बा के शीतलगंज में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में जलकर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। युवक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। बांगरमऊ के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी संजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई करन की शादी तीन वर्ष पहले पुरवा नगर के मोहल्ला शीतलगंज निवासी फकीरेलाल की बेटी प्रीति से हुई थी। आपसी विवाद के चलते वर्ष 2025 में दोनों का विवाह विच्छेद हो गया था। जहां प्रीति ने सम्बंध विच्छेद के बाद जेवर आदि रख लिया था। बीच बीच में प्रीति भाई से फोन करती थी। पैसा मांगती थी जहां प्रीती भाई करन से कहती थी कि लड़की है जिसका खर्च चाहिए। दूसरे के साथ शादी नहीं करुंगी। संजय का कहना कि है कि दो-तीन दिन पहले प्रीति ने भाई करन को फोन कर बेटी की तबीयत खराब होने और इलाज के लिए रुपये की जरूरत बताई। पैसा लेकर आ जाओ, इस पर करन घर से 25 से 30 हजार रुपये लेकर शाम को उसके घर पहुंचा। जहां खाना खाने के बाद आपसी बातचीत के दौरान विवाद हो गया। युवक के परिजनों का आरोप है कि फकीरेलाल, उसकी बेटी प्रीति और बेटे सौरभ उर्फ मानू ने करन के साथ मारपीट की और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सूचना पर 112 पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी परिजनों को दी।पीड़ित के भाई संजय ने तीन नवंबर को कोतवाली में तहरीर सौंपी। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बनी हुई थी जिसका इलाज लखनऊ में हो रहा है। कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने कहा तहरीर के आधार पत्नी प्रीती, ससुर फकीरे, सौरभ के साले के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

हाईमास्ट लाइट लगाते समय 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आया मजदूर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बे में देर रात हाईमास्ट लाइट लगाने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। लोहे का पोल खड़ा करते समय 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवाबगंज कस्बे में इन दिनों हाईमास्ट लाइट लगाने का काम चल रहा है। देर रात मजदूर पोल लगाने के काम में जुटे हुए थे। इसी बीच, जब मजदूर पोल को सीधा कर रहे थे, तभी वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। लाइन के टच होते ही जोरदार करंट दौड़ा और मजदूर बुरी तरह झुलस कर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया।

ठेकेदार की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

इस दर्दनाक हादसे के बाद हाईमास्ट लगाने के काम में बरती जा रही घोर लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है। लोगों का कहना है कि बिजली की इतनी हाई टेंशन लाइन के पास काम शुरू कराने से पहले न तो बिजली विभाग से शटडाउन लिया गया और न ही काम कर रहे मजदूरों को ठेकेदार द्वारा कोई सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी किट) मुहैया कराए गए थे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि काम के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया गया। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नीम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक ग्रामीण का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया।परिजनों द्वारा बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव भगवन्तपुर गोटपाली निवासी 40 वर्षीय नायाब पुत्र सोहराब का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। शव लटका होने की सूचना मिलते ही परिजन व तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया गया किंतु परिजनों ने इनकार कर दिया और शव लेकर घर चले गए। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कुछ नसे आदि लती था।वह क्षेत्र के ईंट भट्टों पर ट्राली में ईंटें भरने आदि का काम करता था। वह अपने पीछेएक बेटा और पत्नी समेत अन्य परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया गया।

सम्पादकीय

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित अतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां बनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।



सत्ता संघर्ष

ओमकार चौधरी

इजराइल में जनादेश का गतिरोध

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट की यशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'खाद्दाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राअम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर को ओत्जमा येहुदित को सात, शास को छह और रिलिजियस जायोनिज्म–जेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइजनकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली है। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई।



इसमें पहली बार मंसूर अब्बास की राअम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण वह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राअम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक है। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राअम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियां हैं। इसलिए उनको 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका है। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइजनकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइजनकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समावेशपूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइजनकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

विडंबना

योगेश कुमार सोनी



वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है।

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, जहां से जहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रहेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आत्यंतिक सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। कौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मैं खूब सारा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरूपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी होगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तू-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

अवसाद पैनिक अटैक लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। - प्रकाश पटेल, रायगढ़

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल नहीं उन तमाम की एक टूलकिट है, जिन्होंने नेपाल और अन्य हालिया देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पूरे देश के उदारवादी ढांचे को ध्वस्त करना चाहता है। उनका पास कोई विजन नहीं है। -नितिन सचदेव, अलवर, आरएस

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए! आप किसी नजर से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। है आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देना हूं। कोई भी बच्चा किसी भी समय हिसाब है तो सामने आइये। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। खाता बहुल-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर संकट लगातार, हमा का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पलायन उत्तराखंड की प्रगति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -मलिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप



आप अपनी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पहले ही एक अड़तालीस है और आप अपनी पार्टी के खिलाफ बहुत कमजोर लोग विरोधी लहर पहले इनाकोलेती है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की बीमारी से ग्रसित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं। -हरीश पुरिया, भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात

पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामल सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है।



ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर

नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से लेकिन 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं।



संक्षेप

दुकान के बाहर खड़े तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी

शिकायत के बाद फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

अमेठी, कोतवाली क्षेत्र के बघवरिया गांव में देर रात दो चोरों ने दुकान के बाहर खड़े तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी कर लीं। वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत के बाद पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।दुगार्पुर रोड स्थित बघवरिया गांव में आवास विकास कॉलोनी के पास रहने वाले पवन तिवारी की विद्या ट्रेडर्स नाम से सीमेंट-मौरंग की दुकान है। दुकान मालिक ने रात में अपने तीनों ट्रैक्टर दुकान के बाहर खड़े किए थे और घर चले गए थे।रात 2 बजे पहुंचे दो चोरपवन तिवारी के मुताबिक, रात करीब 2 बजे दो चोर दुकान के बाहर पहुंचे और तीनों ट्रैक्टरों की बैटरियां निकालकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।अमेठी कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

रातभर चेकिंग अभियान चला

1030 संदिग्धों की जांच, 11 गिरफ्तार; 17 वाहन सीज

अमेठी ,पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत 1 और 2 नवंबर की रात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 1030 संदिग्ध लोगों की जांच की गई और 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। नियम तोड़ने पर 17 वाहन सीज किए गए।पुलिस ने 246 नकबजनों का सत्यापन और 728 वाहनों की जांच भी की। वाहन चालकों को रात में सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन में जिले में अपराध रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया गया। बीट कांस्टेबल से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक तक पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने इलाकों में चेकिंग की।सरवणन टी ने खुद पुलिस बल के साथ जगदीशपुर, जामो और गौरीगंज थाना क्षेत्रों में चेकिंग की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए।

पराली जलाने पर 30 हजार तक जुर्माना

डीएम ने निगरानी के निर्देश दिए; जिले और तहसीलों के कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहेंगे

अमेठी ,पराली जलाने पर 30 हजार रुपए तक जुमार्ना लगेगा। डीएम शशांक चौधरी और एसपी सरवणन टी ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक शाम 7:30 बजे हुई।डीएम ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं पर निगरानी रखी जाए और किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से पर्यावरण और हवा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है।इससे मिट्टी की उर्वरता को भी नुकसान होता है।कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जन जन तक पहुंचाएं: डॉ आनंद गोंड

सांसद डॉ. आनन्द गोंड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में विधायक कैसरगंज आनन्द यादव, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, ब्लाक प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि तथा समिति के सदस्यगण व सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।वीबी-जी राम जी योजना की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देश दिये गये कि स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ायी जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 622272 कृषक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। फसल बीमा योजना अन्तर्गत आपदा से जो हानि हुई है उसका सर्वे कर लिया गया है, समय से अनुदान दिया जायेगा।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण, राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान, राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना व राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना की समीक्षा में सभी योजनाओं का टारगेट पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। सांसद डॉ. गोंड द्वारा गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को शासन की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की समीक्षा के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत वर्तमान समय में अन्त्योदय अन्न योजना के 1,17,009 राशन कार्ड तथा पात्र गृहस्थी योजना के 6,01,392 राशन कार्ड कुल 7,28,401 राशन कार्ड प्रचलित है। सांसद द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी दुकानों पर कार्मिशियल सिलेण्डर का यूज किया जाय। अवैध रिफलिंग नहीं होनी चाहिए इसके लिए चेकिंग अभियान चलाया जाय।

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 419852 परिवारों के सापेक्ष 384804 परिवारों अर्थात 1741857 के सापेक्ष 1079707 पात्र व्यक्तियों को गोल्डेन कार्ड निर्गत किये गये हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री वयवंदन योजना के तहत अब तक 42255 वृद्धजनों के गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। निर्देश दिया गया कि योजना से असंतृप्त सभी पात्र व्यक्तियों को गोल्डेन कार्ड से आच्छादित किया जाय।

सर्वाईकल कैंसर के प्रभावी नियंत्रण हेतु 14 से 15 आयु के बीच की बालिकाओं को एच.पी.वी. वैक्सीनेशन कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि लक्षित 48677 किशोरियों में से 47925 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु नयी एचपीवी वैक्सीन लगायी गयी है। इस सम्बन्ध में सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि विभागीय योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की ब्लाकवार सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा निर्देश दिया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार गतिमान योजनाओं को समयबद्धता के साथ पूर्ण कर जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाय।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि सदन में प्राप्त हुए निर्देशों तथा सुझावों का आगामी बैठक से पूर्व अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इससे पूर्व डीएम व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा बैठक में आये हुए जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच सुंदरेशा, सीएमओ डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कड़सर-बिटोरा स्थित बूढ़हू बाबा मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ह्यनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। यजमान लवकुश सिंह और उनकी पत्नी दीपिका सिंह सहित श्रद्धालु भक्ति गीतों पर जमकर झूमे। कथा व्यास पंडित ओमकार नाथ मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रीधाम मथुरा से आए यज्ञाचार्य पंडित विवेक कुमार मिश्रा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। कथा का समापन 6 नवंबर को पूणार्हुति, हवन, कन्या भोज और भंडारे के साथ होगा।

बचपन में पढ़ाई की जगह ई-रिक्शा की सवारी, परिवार की लापरवाही या रोजी-रोटी की मजबूरी

10 से 12 साल के बच्चे सवारियां बैठाकर सड़कों पर दौड़ा रहे ई-रिक्शा, यात्रियों की जान जोखिम में

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्चों के हाथों में ई-रिक्शा की कमान होने का मामला सामने आया है।गजाधरपुर-वजीरगंज-नंदवल-जैतापुर मार्ग पर करीब 10 से 12 वर्ष की उम्र के बच्चे बेखौफ होकर ई-रिक्शा चलाते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे न केवल खुद की जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि ई-रिक्शा में सवार यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।ऐसे में किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फखरपुर क्षेत्र में एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों नाबालिग बच्चे ई-रिक्शा चलाते दिखाई देते हैं। इसके बावजूद इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। लोगों के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर लापरवाही पर कब कार्रवाई करेंगे? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? एक ओर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ वाहन स्वामी नियमों को ताक पर रखकर नाबालिग बच्चों को ई-रिक्शा चलाने की जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष फखरपुर ने बताया कि ऑटो चालकों को पहले ही जागरूक किया जा चुका है कि किसी भी नाबालिग को वाहन चलाने के लिए न दें। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाता है तो उसके साथ-साथ वाहन स्वामी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर जोर, एएनएम की हुई समीक्षा

लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि न मिलने पर एएनएम को चेतावनी

प्रत्येक उपकेंद्र को नसबंदी के चार लाभार्थियों का लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजवापुर में मंगलवार को अधीक्षक डॉ. आकांक्षा राय की अध्यक्षता में ममता संस्था की ओर से संचालित सुरक्षित मातृत्व देखभाल कार्यक्रम के तहत एएनएम और एलएचवी का तीसरे माह का दूसरा फॉलोअप लिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके बाद एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जननी सुरक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संचालित दस्तक अभियान की समीक्षा की गई। साथ ही मासिक रिपोर्ट और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा हुई। लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल नहीं करने वाली एएनएम को चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में चार नवंबर को विशेष नियत सेवा दिवस के तहत महिला एवं पुरुष नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक उपकेंद्र को चार लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया। इस दौरान बीसीपीएम रोहित वर्मा, बीपीएम अनुराधा कुशवाहा, हेल्थ सुपरवाइजर गिरजेश कुमार, संजीव वर्मा, आकाश कुमार, अजीम मेकरानी सहित एएनएम और एलएचवी मौजूद रहीं।

नवनिर्मित बलई गांव पुलिस चौकी का एसपी ने किया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर स्थित बलई गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की नई चौकी स्थापित की गई है। नई चौकी का निर्माण कार्य करवाया गया। सोमवार देर शाम पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ,चौकी इंचार्ज अजेश कुशवाहा की उपस्थिति में नवीन चौकी का विधि विधान से हवन पूजन कर शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर इस नवीन चौकी के निर्माण हो जाने से सुरक्षा के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चल रही गतिविधियों की जानकारी आसानी से प्राप्त होगी। मौके पर उपस्थित आम जनों से एसपी ने अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र की कोई भी संदिग्ध गतिविधि हो तो तत्काल स्थानीय चौकी व थाने को सूचना करें। इस मौके पर पुलिस विभाग के साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीण व सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

पोस्टर के जरिए महिलाओं को प्रसव के बाद व्यायाम की दी जानकारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमपुरवा में ड्यूटी के दौरान डा. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज सबलापुर के बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को महिलाओं को प्रसव के बाद किए जाने वाले व्यायाम के प्रति जागरूक किया। छात्रा निधि और मोहिनी ने पोस्टर के माध्यम से विभिन्न व्यायामों की उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार व्यायाम करने से प्रसव के बाद महिलाओं को स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। इस दौरान शिक्षिका एकता सिंह ने भी प्रसवोत्तर देखभाल की जानकारी दी।

अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से 18 वर्षीय युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के कुंडासर चौकी के सामने पारले मिल के निकट मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां अज्ञात वाहन ने 18 वर्षीय युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अदील उर्फ शीबू पुत्र नसीर अहमद निवासी लालपुर चिकवनपुरवा गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल फखरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

आक्रोश: 5 नवंबर तक नहीं मिला मानदेय तो 6 नवंबर को बीएसए ऑफिस का होगा घेराव

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ द्वारा चेतावनी दी गई है कि आगामी 5 नवंबर तक सितंबर माह के बकाया मानदेय के साथ यदि अक्टूबर माह का मानदेय शिक्षामित्र को नहीं मिलता है, तो उक्त दशा में संघ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहराइच का घेराव कर, धरना/प्रदर्शन हेतु विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। प्रभारी जिलाध्यक्ष रिजवान अली द्वारा बताया गया कि शासन ने एक माह पूर्व ही सितंबर और अक्टूबर माह की ग्रांट जारी कर दी थी किंतु कार्यालय की हीलाहवाली के चलते मानदेय लेट हुआ है। जो कि अब बर्दाश्त नहीं है।

दीपावली जैसे पावन पर्व पर बहुत सारे ऐसे खर्चे हैं जिनका पूर्ण हो पाना संभव नहीं हो पा रहा।

ज्ञात हो कि दीपावली से पूर्व सभी शिक्षामित्र को मानदेय मिल सके इसलिए शासन द्वारा आदेश भी जारी किये है। मगर विभाग के बाबू की हिलावली के चलते शिक्षामित्र का मानदेय एक-दो महीना बीत जाता है फिर भी नहीं मिलता है

कैसरगंज में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को भारी पुलिस बल ने कस्बा कैसरगंज में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कस्बे में अमन-चैन, शांति और खुशहाली बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। साथ ही अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुठभेड़ में 32 मुकदमों का आरोपी वकील घायल

भाई गिरफ्तार, 15 दिन पहले चार घरों में चोरी का आरोप

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश वकील उर्फ सेनापति के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके भाई चांद को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों स्प्लेंडर बाइक से चोरी की वारदात को अंजाम देने जा रहे थे। घायल वकील को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामला कुकहा रामपुर गांव के पास का है। पुलिस ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 15 दिन पहले शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के चार घरों में चोरी करने वाले बदमाश स्प्लेंडर बाइक से निकले हैं।पुलिस ने बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वकील उर्फ सेनापति के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे और उसके भाई चांद को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान पुलिस को तमंचा, जिंदा कारतूस, सोने-चांदी के जेवर और स्प्लेंडर बाइक मिली।

वकील पर कई जिलों में 32 मुकदमे दर्ज

वकील अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के इटौजा गांव का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में 32 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह अपने साथियों के साथ अमेठी, अयोध्या और लखनऊ समेत कई जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम, बाजार शुकुल पुलिस और इन्हौना पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद थीं।

चार चोरी की घटनाओं में शामिल होने का आरोप

अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में वकील उर्फ सेनापति के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।एएसपी के मुताबिक, वकील ने 15 दिन पहले अपने साथियों के साथ शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में चोरी की चार बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

साइबर ठगी के लिए खाते देने वाले गिरफ्तार

63 बैंक खातों का विवरण मिला, 24 क्योआर कोड स्कैन पैड और 5 मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जेठवारा में पुलिस ने साइबर ठगी और ऑनलाइन सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 63 बैंक खातों का विवरण मिला है। पुलिस ने 24 दफ कोड स्कैन पैड, बैंक पासबुक, चेकबुक, कार्ड और पांच मोबाइल फोन समेत कई दस्तावेज बरामद किए हैं। मंगलवार दोपहर करीब चार बजे पुलिस ने मामले का खुलासा कियादूसरे लोगों के नाम पर खुलवाते थे खाते और सिमजेठवारा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हुआ था। उसने कुछ महीने पहले पुलिस से शिकायत की थी। इसके आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे गिरोह की जानकारी मिली, जो दूसरे लोगों के नाम पर बैंक खाते और सिम कार्ड खुलवाता था।पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य बैंकिंग से जुड़ी जानकारी, पासबुक, चेकबुक और सिम कार्ड साइबर अपराधियों व ऑनलाइन सट्टेबाजी के पैनल चलाने वालों को उपलब्ध कराते थे। इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध से मिली रकम के लेन-देन में किया जाता था।आरोपियों के पास मिले रजिस्टर में 63 बैंक खातों का विवरण दर्ज था। समन्वय पोर्टल पर जांच के दौरान इनमें से कुछ खातों के खिलाफ दूसरे राज्यों में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें भी मिलीं। पैड और बैंकिंग दस्तावेज बरामदपुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 क्योआर कोड स्कैन पैड, आठ बैंक पासबुक, तीन चेकबुक, आठ आधार कार्ड और उनकी छायाप्रतियां, एक आधार अपडेट फॉर्म, तीन पैन कार्ड, सात खाली सिम लिफाफे, दो सिम सहित लिफाफे, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से संबंधित एक कार्ड पत्र, तीन कार्ड, एक रजिस्टर और पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

अफेयर घर में बताने पर दोस्त को मार डाला

शराब पिलाकर गला घोंटा; प्रतापगढ़ में लाश पर मिट्टी भरी बोरी बांधकर तालाब में फेंकी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,अफेयर में रोड़ा बनने पर दोस्त को ही मार डाला। पुलिस ने दोस्त और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।27 अक्टूबर को युवक ने नए सिम से अपने दोस्त को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। फिर उसे खूब शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया तो रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।इसके बाद लाश की कमर में मिट्टी से भरी बोरी बांध दी और तालाब के गड्ढे में डुबो दिया। पुलिस को 5 दिन बाद 2 नवंबर को लाश मिली। इसके बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।प्रतापपुर चेरगढ़ गांव में बृजेंद्र (24) अपने परिवार के साथ रहता था। 5 भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। 4 भाइयों और बहन की शादी हो चुकी है। परिवार खेती-किसानी और मजदूरी कर जीवनयापन करता है। बृजेंद्र प्राइवेट नौकरी करता था।रक्षाबंधन पर वह घर आया था। इसके बाद यहीं रहने लगा था। करीब एक महीने पहले वह घरवालों को बिना बताए नौकरी की तलाश में राजस्थान चला गया था। वहां उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद वह फिर घर लौट आया। बाद में खेती-किसानी में परिवार का हाथ बंटाने लगा।

बृजेंद्र 27 अक्टूबर को घर से निकला, फिर नहीं लौटा

बृजेंद्र 27 अक्टूबर की शाम करीब 8 बजे खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। बड़े भाई वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि घर से निकलने से पहले उसके पास किसी का फोन भी आया था। रात में जब हमने बृजेंद्र को फोन किया, तो उसने बताया कि वह अपने दोस्त शिवेंद्र के साथ है।रातभर नहीं लौटने पर घरवालों ने सुबह कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला।

संक्षेप

लाठी-डंडों से हमला और पथराव करते दिखे लोग

ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर विवाद, फायरिंग में एक व्यक्ति को लगी थी गोली

बागपत ,बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा हटाना गांव में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में लोग लाठी-डंडों से हमला करते और एक-दूसरे पर पथराव करते दिखाई दे रहे हैं। दो लोगों के हाथों में हथियार भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में करीब चार राउंड फायरिंग होती दिख रही है।ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर हुआ था विवादपुलिस के मुताबिक, घटना 31 अक्टूबर को ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर हुई थी। संघर्ष के दौरान हरवीर को गोली लगी थी, जबकि करीब 10 लोग घायल हुए थे।तेजू पुत्र हुक्मी की तहरीर पर 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पांच आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश पुलिस ने दिनेश और मनवीर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। तीन अन्य आरोपियों को 1 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।पुलिस अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। संघर्ष के वीडियो 2 नवंबर की शाम करीब 4 बजे से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

गैस रिसाव से मकान में लगी आग, चार लोग झुलसे

बागपत में 3.5 लाख का सामान जला, सिलेंडर को बाहर निकाला

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में शाम करीब छह बजे अफजाल के मकान में गैस रिसाव से आग लग गई। हादसे में चार लोग झुलस गए, जबकि करीब 3.5 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक, जुनैद की पत्नी रुकैया गैस पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण आग लग गई। रुकैया को बचाने पहुंचीं उनकी ननद नगमा भी आग की चपेट में आकर घायल हो गईं। जुनैद और नावेद के दोस्त समीर भी झुलस गए।लोगों ने सिलेंडर बाहर निकालाआग लगने के बाद आसपास के लोगों ने बुझाने की कोशिश की। कुछ लोगों ने सिलेंडर को मकान से बाहर निकाला और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।शादी में मिला सामान जलकर राखनावेद कॉस्मेटिक का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह दुकान पर थे, तभी पड़ोसी ने मकान में आग लगने की सूचना दी। उनकी भाभी गैस पर खाना बना रही थीं। नावेद के मुताबिक, उनकी शादी 15 दिन पहले मुजफ्फरनगर में हुई थी और उनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थीं। परिवार के चार सदस्य उन्हें लेने मुजफ्फरनगर गए थे। नावेद ने बताया कि शादी में मिला करीब 3.5 लाख रुपये का सामान आग में जल गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने परिवार को आर्थिक मदद देने की बात कही। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मां शारदा महाविद्यालय में आयोजित हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, जनपद के बिंदकी तहसील कस्बे के फतेहपुर रोड में स्थापित मां शारदा महाविद्यालय में पुलिस प्रशासन विभाग ने यातायात जागरूकता अभियान चलाते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया कार्यक्रम में मौजूद बिंदकी थाना कोतवाली के क्राइम उप निरीक्षक श्यामप्रकाश पाण्डेय ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं समेत एनसीसी कैडेट के बच्चों को यातायात के नियमों का अनुकरण करने के लिए प्रेरणा देते हुए बताया कि हम सभी को हेलमेट दो पहिया वाहन चलाते समय अवश्य पहनना चाहिए वहीं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन ब्लूटूथ या इयरबट इत्यादि का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए ठीक इसी प्रकार चार पहिया वाहन का संचालन करते समय चालक को सीट बेल्ट अवश्य प्रयोग करनी चाहिए तथा वाहन पर आगे और पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अवश्य लगवानी चाहिए इसके साथ-साथ छात्र-छात्राओं को निर्देशित करते हुए बताया कि यातायात नियमों का पालन करते हुए कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में वहां न चलाएं तथा चार पहिया अथवा दो पहिया वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां लेकर ना चले यह नियम के विरुद्ध होता है धीरे चलकर सुरक्षित पहुंचे कृषि कार्य हेतु संचालित किए गए वाहन जैसे ट्रैक्टर ट्राली लोडर इत्यादि पर सवारी लेकर ना चले यह सभी संवैधानिक हैं सभी बच्चों को यातायात नियमों की जानकारियां मिली वही सभी छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों का अनुकरण करने के लिए संकल्प लिया

पति-पत्नी में झगड़े के बाद पत्नी ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप प्रशासन ने जांच किया प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद की गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पमरौली निवासी एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण 38 वर्षीय महिला उर्मिला पत्नी राममिलन प्रजापति ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे महिला की मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची मृतका की मां कलावती निवासी गांव सनगांव ने दामाद राममिलन के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि वह आए दिन शराब पीकर महिला उर्मिला के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करता था इसी झगड़ों और मारपीट से तंग होकर मृतका ने सल्फास खाकर अपने को मौत के घाट उतार लिया वहीं थाने पहुंचे मृतका के भाई ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका ने सल्फास खाकर आत्महत्या की है मृतका के तीन बेटियां जिसमें 17 वर्षीय अनामिका 12 वर्षीय रागिनी तथा 7 वर्षीय पारुल है मृतका का पति राम मिलन प्रजापति अलीपुर में एक निजी दवाखाना संचालित करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात दी गई तहरीर के आधार पर जांच करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी

मारपीट के पश्चात फर्जी लूटपाट का लगाया ग्रामीण ने आरोप

आरोप निकला निराधार प्रशासन ने दोनों पक्षों पर किया कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांव के ग्रामीणों में आपसी कहा सुनी होने के पश्चात मारपीट हो गई जहां एक व्यक्ति ने फर्जी लूट की सूचना प्रशासन को दी वही खबर झूठी निकलने पर प्रशासन ने शांति भंग पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी लक्ष्मण पुत्र बैजनाथ निषाद अपनी निजी लीडर लेकर अपने गांव जा रहा था तभी मुख्य मार्ग हाईवे के समीप मदोकीपुर संपर्क मार्ग गांव के किनारे एक देसी शराब ठेके के नजदीक खड़े मदोकीपुर गांव के निवासी एक व्यक्ति रामकुमार निषाद तथा मौजूद अन्य लोगों के साथ लक्ष्मण की कहा सुनी हो गई कुछ ही देर में कहा सुनी मारपीट में बदल गई जहां आवेश में आकर लक्ष्मण निषाद ने पीआरबी प्रशासन को सूचना देते हुए 109000 रुपए की लूट बताई सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे वहीं जांच करते हुए थाना प्रभारी ने बारीकी से पूछताछ तथा छानबीन की जहां लूटपाट का मामला पूर्ण रूप से निराधार निकला परेशान होने के बाद कल्याणपुर पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया

कमरे के अंदर युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला किया समाप्त



अमनलेखनी समाचार

फतेहपुर /जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गनही निवासी एक 23 वर्षीय नवयुवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली मिली जानकारी के अनुसार नवयुवक 23 वर्षीय अंबिका उर्फ सूरजपाल पुत्र देशराज पाल ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाई जहां काफी समय दिखाई ना देने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा कमरे में पहुंचे परिजन भौचक्का हो गए जहां फांसी के फंदे पर युवक झूल रहा था परिवार में हाहाकार मच गया तथा तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई सूचना मिलने पर पहुंचे चौकी प्रभारी विजयीपुर अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया कि फांसी लगाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया प्रशासन जांच कर रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

जालौन के बार एसोसिएशन अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर देने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश



आदर्श बार एसोसिएशन बिंदकी के अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बिदकीं, फतेहपुर ,प्रदेश समेत सभी जनपदों में चल रहे अधिवक्ताओं के जोरदार प्रदर्शन को लेकर फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील में भी अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर गहरा आक्रोश जताया अधिवक्ताओं ने एक संबोधित ज्ञापन तहसील परिसर में मौजूद तहसीलदार अमरेश सिंह के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के लिए सौंपा जहां अधिवक्ताओं ने गहरा आक्रोश जताते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश के जालौन जनपद के कालपी तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की गोली मारकर हत्या विगत दो दिन पहले हत्यारों द्वारा कर दी गई जिसमें हत्या के अभियुक्त दोषी अभी तक प्रशासन की कार्यवाही से दूर हैं जिन्हें तत्काल गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाए यदि इसी प्रकार अपराध बढ़ता रहा तथा अपराध पर नियंत्रण नहीं किया गया तो अपराधियों की संख्या दिन प्रतिदिन और बढ़ती जाएगी वही मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट पारित करने की भी मांग की इस मौके पर बिंदकी तहसील आदर्श अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कल्यान सिंह यादव महामंत्री प्रतिभा देवी अधिवक्ता सईदा खान समेत भारी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे

एक्सपायरी खाद्य पदार्थों पर नई तारीख डालकर बेचा

खाद्य सुरक्षा विभाग की शिकायत पर 2 के खिलाफ मुकदमा, दोनों जेल गए

अमनलेखनी समाचार



मेरठ , मवाना में एक्सपायरी खाद्य पदार्थों पर नई तारीख डालकर बाजार में बेचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों एक्सपायरी सामान कम कीमत पर खरीदते थे। फिर पैकेट पर दर्ज पुरानी एक्सपायरी तारीख बदलकर नई तारीख डाल देते थे।इसके बाद सामान बाजार में अधिक कीमत पर बेचते थे। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुआ था मुकदमा

पुलिस के मुताबिक, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मेरठ ने मवाना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ लोग एक्सपायरी खाद्य उत्पाद खरीदकर उनकी मूल एक्सपायरी तारीख में बदलाव करते हैं। नई तारीख डालने के बाद इन उत्पादों को बाजार में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। शिकायत के आधार पर मवाना थाने में मुकदमा अपराध संख्या 374/2026 दर्ज किया गया था। इसमें बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 61 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस तभी से नामजद और वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी।एसएसपी मेरठ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने तहसील तिराहा मवाना से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शोभित अग्रवाल पुत्र मुकेश अग्रवाल, निवासी होली चौक, मोहल्ला तिहाई, मवाना और शिवम गुप्ता पुत्र रवीश गुप्ता, निवासी उत्सव मंडप के पास, मोहल्ला मुन्नालाल, मवाना के रूप में हुई।

आजाद समाज पार्टी का धरना, नारेबाजी

मुरादनगर में बिजली विभाग के खिलाफ दिया धरना, एसडीएम भी मौके पर पहुंची

अमनलेखनी समाचार



गाजियाबाद ,मुरादनगर में विद्युत विभाग पर कथित भ्रष्टाचार का एक प्रकरण सामने आया है। यहां भ्रष्टाचार को लेकर आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने धरना दिया। जहां नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। मुरादनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस से भी तीखी नोंकझोंक हुई। इसके बाद मोदीनगर एसडीएम कोमल पंवार भी मौके पर पहुंचीं।

अधिकारियों ने 15 दिन का समय दिया

आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर रहे थे। लेकिन लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी शिकायत को सुनने के लिए तैयार नहीं थे। इसी पर आजाद समाज पार्टी सामाजिक मुद्दों को लेकर लगातार विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा रही थी। जहां अवैध तरह से वसूली के आरोप लगाए। कहा की टीमें दीपावली से पहले अलग अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को परेशान करती हैं। यह धरना अधिशासी अभियंता मुरादनगर डिवीजन पर दिया गया। जिसमें स्थानीय लोगों की अलग अलग मांगे रखीं। एसीपी मसूरी सुनील कुमार और एसडीएम मोदीनगर कोमल पंवार मौके पर पहुंची। जहां जनता के समाधान का आश्वासन देते हुए विद्युत विभाग को 15 दिन का समय दिया है।

भाजपा विधायक की कार को धक्का देकर कचहरी से निकाला

अधिवक्ता बोले- हाईकोर्ट बेंच मिलने तक भाजपा नेताओं की एंट्री नहीं

अमनलेखनी समाचार



मेरठ ,कचहरी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने कैंट विधायक अमित अग्रवाल की कार का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने कार पर हाईकोर्ट बेंच के समर्थन वाले पोस्टर लगाए। इसके बाद कार को धक्का देकर कचहरी परिसर से बाहर निकाल दिया। विरोध के दौरान विधायक कार में मौजूद नहीं थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

भाजपा नेताओं के कचहरी में प्रवेश पर रोक की चेतावनी

कार पर भाजपा के झंडे लगे थे और विधायक लिखा हुआ था। अधिवक्ताओं ने विरोध के दौरान हाईकोर्ट बेंच की मांग दोहराई। उनका कहना है कि जब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच नहीं मिलती, भाजपा नेताओं को कचहरी परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।सूचना मिलने पर मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और हाईकोर्ट बेंच संघर्ष समिति के चेयरमैन अनुज शर्मा मौके पर पहुंचे। उनके साथ बार एसोसिएशन के महामंत्री और संघर्ष समिति के संयोजक परवेज आलम भी समर्थकों के साथ पहुंचे।

चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने की बात कही

कुछ अधिवक्ताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वे भाजपा प्रत्याशी को हराने वाले उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से भाजपा नेताओं के मुकदमों में पैरवी नहीं करने की अपील भी की।हालांकि, सभी अधिवक्ता इस रुख से सहमत नहीं हैं। कुछ का कहना है कि स्थानीय स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं का इसमें कोई दोष नहीं है। वे तो अधिवक्ताओं की मांग को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

डॉक्टर दंपती ने किसान से 24 करोड़ ठगे

प्लॉट दिलाने से जेवर एयरपोर्ट तक के काम के नाम पर लिए पैसे, जान से मारने की धमकी दी

अमनलेखनी समाचार



नोएडा ,एक डॉक्टर दंपती पर प्लॉट आवंटन और विभिन्न सरकारी काम कराने के नाम पर 24 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगा है। रोहिल्लापुर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने डॉक्टर नितेंद्र सिंह और उनकी पत्नी राबिन गौर के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मनोज कुमार का आरोप है कि दंपती ने नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण में प्रभावशाली अधिकारियों से करीबी संबंध होने का भरोसा दिलाया। मेडिकल डिवाइस पार्क में प्लॉट, नोएडा में रद्द हो चुका कमर्शियल प्लॉट दोबारा आवंटित कराने, किसान कोटे के अतिरिक्त 5 प्रतिशत प्लॉट और कमर्शियल प्लॉट दिलाने के नाम पर उनसे अलग-अलग समय में करोड़ों रुपए लिए गए।जेवर एयरपोर्ट पर फूड कोर्ट और वाइन शॉप दिलाने का दिया झांसाएफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने जेवर एयरपोर्ट टर्मिनल पर फूड कोर्ट और वाइन शॉप दिलाने के नाम पर मार्च 2023 से जुलाई 2026 के बीच करीब 5.30 करोड़ रुपए लिए। वहीं, यमुना प्राधिकरण में ग्रुप हाउसिंग प्लॉट दिलाने के नाम पर भी करीब 5.70 करोड़ रुपए लेने का आरोप है।

मुठभेड़ में 4 बदमाश गिरफ्तार

2 के पैर में लगी गोली, लिफ्ट देने के बहाने लोगों को लूटते थे

अमनलेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-63 में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि उनके दो साथियों को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपी लिफ्ट देने के बहाने लोगों को गाड़ी में बैठाकर लूटपाट करते थे।घायल बदमाशों की पहचान दिल्ली के मीठापुर निवासी विकास उर्फ कालू उर्फ कल्लू (27) और नोएडा के बसई निवासी राजेश उर्फ ढेडा (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से तमंचे, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए अन्य दो आरोपियों की पहचान शंकर शर्मा और कपिल कश्यप के रूप में हुई है।

सेक्टर-62 गोल चक्कर पर पुलिस ने रोका

डीसीपी प्रवीन रंजन ने बताया कि रात सेक्टर-62 गोल चक्कर के पास पुलिस की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे।पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। बहलोलपुर अंडरपास से ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर पहुंचने के बाद बदमाशों ने खुद को घिरा देखकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें विकास और राजेश घायल हो गए।पुलिस ने विकास और राजेश के कब्जे से दो अवैध तमंचे और चार कारतूस बरामद किए हैं।

पड़ोसी को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली

ग्रेटर नोएडा में परिवार के 3 सदस्य गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

अमनलेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के दादरी में पड़ोसी को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए एक व्यक्ति ने खुद पर गोली चलवाने की साजिश रची। 25 अक्टूबर की रात उसके बेटे, साले और भतीजे ने घर में घुसकर उस पर गोली चलाई। इसके बाद पड़ोसी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।पुलिस ने मामले की जांच के दौरान घर में लगे उउळश फुटेज और दूसरे सबूतों की पड़ताल की। इसमें साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं।सोमवार को डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने प्रेस वार्ता कर गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध तमंचा, दो कारतूस, वारदात में इस्तेमाल बाइक और ऊशफ बरामद किया है। मामूली कहासुनी के बाद रची साजिशमामला दादरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, हरेन्द्र नागर की पड़ोसी विकास सैन से मामूली कहासुनी हुई थी। इसके बाद हरेन्द्र ने विकास को झूठे मुकदमे में फंसाने की योजना बनाई। 25 अक्टूबर की रात हरेन्द्र का साला अतुल भाटी और भतीजा प्रतीक उर्फ कलुआ उसके घर पहुंचे। दोनों ने घर में लगे कैमरे के सामने हरेन्द्र पर गोली चलाई। इसके बाद हरेन्द्र ने पड़ोसी विकास सैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

कालपी में अधिवक्ता गयादीन अहिरवार हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दस लाख रुपये में दी गई थी हत्या की सुपारी

पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी घायल होकर गिरफ्तार, एक अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में; जमीन विवाद में रची गई थी हत्या की साजिश, मुख्य आरोपी मोनू यादव पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित।

अमन लेखनी समाचार



जालौन। कालपी में अधिवक्ता गयादीन अहिरवार की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक जालौन ने बताया कि कोतवाली कालपी पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य अभियुक्त को मौके से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, घटना की गंभीरता को देखते हुए आठ थानों की पुलिस, तीन क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस की कई टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने शाम से पूरी रात तक अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शुरूआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे, लेकिन सघन पूछताछ के बाद सुबह करीब नौ बजे उनकी निशानदेही पर मृतक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने सर्वेश, आशीष और केशव कटियार को गिरफ्तार किया। इसके बाद घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार की बरामदगी के लिए पुलिस टीम आरोपियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने पहले से छिपाकर रखे गए तमंचे निकालकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, पांच कारतूस, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, खून से सना आलाकत्ल और वारदात में इस्तेमाल किया गया जैक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, जैक से अधिवक्ता को चोट पहुंचाई गई थी।

दस लाख रुपये में दी गई थी हत्या की सुपारी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब तक की जांच और पूछताछ में हत्याकांड के पीछे कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की बात सामने आई है। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर दस लाख रुपये में हत्या का कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने की जानकारी दी है। मामले में करीब बत्तीस बीघा जमीन को लेकर विवाद सामने आया है, जिस पर इन्द्रजीत यादव और गयादीन अहिरवार दोनों पक्ष अपना दावा कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इस साजिश में इन्द्रजीत यादव की भूमिका सामने आई है। उसके मोबाइल फोन से मोनू यादव और उसके पिता अजय यादव के फोन से जुड़े व्हाट्सएप चैट भी बरामद किए गए हैं। इन्द्रजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य आरोपी मोनू यादव फरार, पच्चीस हजार का इनाम घोषित

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी मोनू यादव अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। मोनू यादव की गिरफ्तारी पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

जालौन पुलिस के आरक्षी पवन ने रचा इतिहास, 5 किमी से फुल मैराथन तक तीनों दौड़ों में जीते गोल्ड मेडल

कानपुर जोन की 30वीं अंतरजनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्डन हैट्रिक लगाकर बढ़ाया जनपद का मान, एसपी सुरेश चंद्र रावत ने दी बधाई।

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जालौन पुलिस के आरक्षी पवन ने अपनी शानदार प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अद्भुत शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कानपुर जोन पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर-2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आरक्षी पवन ने लंबी दूरी की तीन प्रमुख दौड़ों में प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उनकी इस शानदार सफलता से जालौन पुलिस का गौरव बढ़ा है। जनपद फतेहगढ़ की रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में पन्द्रह से सत्तरह सितंबर छब्बीस तक आयोजित कानपुर पुलिस जोन की तीस वीं अंतरजनपदीय एथलेटिक्स क्लस्टर एवं साइकिलिंग (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जालौन पुलिस के आरक्षी पवन ने अपने दमखम और बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। आरक्षी पवन ने पांच किलोमीटर दौड़, दस किलोमीटर दौड़ और छब्बीस मील की फुल मैराथन में प्रथम स्थान हासिल कर तीनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतते हुए गोल्डन हैट्रिक लगाई। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह (आईपीएस) ने आरक्षी पवन को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चंद्र रावत ने आरक्षी पवन की इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि पवन का समर्पण, अनुशासन और मेहनत पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणादायक है। एसपी ने जनपद के सभी पुलिसकर्मियों से अपनी व्यस्त दिनचर्या में खेलकूद एवं शारीरिक फिटनेस के लिए समय निकालने और इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील भी की। आरक्षी पवन की इस शानदार उपलब्धि से जालौन पुलिस परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। तीन स्वर्ण पदकों के साथ उनकी यह गोल्डन हैट्रिक अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा बन गई है।

गांव में घुसा मगरमच्छ, ग्रामीणों में फैली दहशत



वन विभाग की टीम ने किया सफल रेस्क्यू, धसान नदी में सुरक्षित छोड़ा

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। गरौठा तहसील क्षेत्र के ग्राम कचीर में सोमवार की रात्रि करीब 10 बजे मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ गांव के प्रभात परिहार के मकान के पास दिखाई दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल बामौर रेंज अंतर्गत गरौठा वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो फीट लंबे मगरमच्छ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इसके बाद मगरमच्छ को सुरक्षित धसान नदी में छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम की तत्परता से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर नदी में छोड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू टीम में वन दरोगा रामकुमार तिवारी, वन रक्षक तेज प्रताप, रोहित सिंह, मोनू पाठक, कल्याण सिंह सहित रेंज के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कालपी में अधिवक्ता गयादीन अहिरवार हत्याकांडः पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, तीन गिरफ्तार

जोल्हूपुर-मदारीपुर मार्ग पर अन्ना फार्म हाउस के पास हुई मुठभेड़, पुलिस टीम पर की गई थी फायरिंग; दो तमंचे, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद

अमन लेखनी समाचार



जालौन। कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना में शामिल आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कार बरामद करने पहुंची कोतवाली कालपी पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे आरोपी को पुलिस ने सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार को केस के सिलसिले में बातचीत करने और चाय पीने के बहाने एक व्यक्ति कार में बैठाकर ले गया था। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने शाम करीब छह बजे पुलिस को घटना की सूचना दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली कालपी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, तीन क्षेत्राधिकारी और आठ थानों की पुलिस टीमों ने रातभर अभियान चलाया। इस दौरान सर्वेश, आशीष और केशव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की निशानदेही पर कानपुर के सचेंडी के पास से अधिवक्ता गयादीन अहिरवार का शव और हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद किया गया।

जमीन के विवाद में हत्या की साजिश का खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया कि थाना कदौरा क्षेत्र की एक जमीन को लेकर गयादीन अहिरवार और कानपुर निवासी इन्द्रजीत यादव के बीच मुकदमेबाजी चल रही थी। पुलिस ने इन्द्रजीत यादव को मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, उसके व्हाट्सएप से घटना से पहले और बाद की चैट तथा अन्य डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। पूछताछ में इन्द्रजीत यादव द्वारा पैसे देकर मोनू यादव और उसके तीन साथियों के माध्यम से वारदात करवाने की बात सामने आई है। घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी मोनू यादव अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

कार बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों सर्वेश, आशीष और केशव ने पूछताछ में बताया कि वारदात में इस्तेमाल की गई कार कालपी क्षेत्र के जंगल में छिपाई गई है। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक कालपी, एसओजी और सर्विलांस टीम आरोपियों को साथ लेकर कार बरामद करने निकली। जोल्हूपुर से मदारीपुर के बीच अन्ना फार्म हाउस जाने वाले रास्ते पर आरोपियों ने झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर पहले से छिपाए गए असलहों से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी फायरिंग की, जिसमें सर्वेश शुक्ला उर्फ सब्बू और आशीष विश्वकर्मा के पैर में गोली लगी। वहीं तीसरे आरोपी केशव कटियार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

कुठौंद शाख नहर का संचालन एक सप्ताह के लिए टला, 7 नवंबर से शुरू होगी पानी की आपूर्ति

रिटेनिंग वॉल टूटने से आई बाधा, युद्धस्तर पर कराया जा रहा मरम्मत कार्य

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। कुठौंद शाख नहर के कमांड क्षेत्र के किसानों को नहर संचालन के लिए अभी एक सप्ताह और इंतजार करना पड़ेगा। नहर के हैड से करीब 400 मीटर की दूरी पर बाईं पटरी पर बनी रिटेनिंग वॉल अचानक टूट जाने के कारण नहर का संचालन फिलहाल टाल दिया गया है। बेतवा नहर प्रखंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कुठौंद शाख का संचालन शुरू किया जाना था, लेकिन रिटेनिंग वॉल टूटने से नहर संचालन में बाधा उत्पन्न हो गई है। सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल की मरम्मत का कार्य तत्काल युद्धस्तर पर शुरू करा दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य लगभग एक सप्ताह में पूरा करा लिया जाएगा। इसके बाद 7 नवंबर से कुठौंद शाख नहर का संचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

जालौन में खपरेल उठाने को लेकर खूनी संघर्ष, जेठ-जेठानी पर देवरानी का सिर फोड़ने का आरोप

सिहारी पड़ैया गांव में पारिवारिक विवाद ने पकड़ा तूल, घायल महिला को सीएचसी में कराया गया भर्ती

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया में खपरेल उठाने को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि जेठ और जेठानी ने मिलकर देवरानी के साथ मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी संगीता पत्नी सत्यपाल का अपने जेठ श्यामबाबू और जेठानी मीरा से खपरेल उठाने को लेकर विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने वैज्ञानिक दिनेश कुमार को किया सम्मानित

डिप्टी सीएम से मुलाकात कराने का दिया आश्वासन

दिनेश कुमार की प्रतिभा को बताया देश की अनमोल धरोहर, पंचायती राज विभाग की शान बताते हुए बड़े मंच पर पहचान दिलाने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



जालौन, उरई महोबा। चरखारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजभूषण राजपूत ने पंचायती राज विभाग से जुड़े उरई के वैज्ञानिक दिनेश कुमार की प्रतिभा और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उनकी कार्यक्षमता और योगदान की जानकारी मिलने पर विधायक स्वयं उनके आवास पहुंचे, जहां शॉल, स्मृति चिह्न एवं अन्य उपहार भेंटकर उनका सम्मान किया। इस दौरान विधायक बृजभूषण राजपूत ने वैज्ञानिक दिनेश कुमार को देश की अनमोल धरोहर बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं समाज और राष्ट्र की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि दिनेश कुमार जैसे प्रतिभाशाली लोगों को उचित पहचान और बड़ा मंच मिलना चाहिए, ताकि उनकी योग्यता और अनुभव का लाभ देश एवं समाज को मिल सके। विधायक ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही वैज्ञानिक दिनेश कुमार की मुलाकात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से कराएंगे। इसके साथ ही पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के सामने भी उनके कार्यों एवं उपलब्धियों को रखेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग से जुड़ी ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलने से न केवल विभाग का गौरव बढ़ेगा, बल्कि समाज और देश को भी उनकी प्रतिभा का लाभ मिलेगा।

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, ट्यूशन टीचर और वीडियो बनाने वाला भतीजा गिरफ्तार

अतिरिक्त पढ़ाई के बहाने घर पर रोककर छात्रा के साथ वारदात का आरोप, 14 वर्षीय भतीजे ने बनाया था वीडियो; सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खुला मामला

अमन लेखनी समाचार



माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि निजी ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने 17 वर्षीय छात्रा को अतिरिक्त पढ़ाई के बहाने अपने घर पर रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान शिक्षक के 14 वर्षीय भतीजे ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामला सामने आया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक और उसके नाबालिग भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी शिक्षक शिशुपाल सिंह (24) पिछले करीब तीन महीने से अपने घर पर छात्र-छात्राओं को ट्यूशन पढ़ा रहा था। गांव की कक्षा 11 में पढ़ने वाली 17 वर्षीय छात्रा भी उसके यहां पढ़ने जाती थी। इसी दौरान शिक्षक पर छात्रा को घर में रोककर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले आरोपी शिक्षक के 14 वर्षीय भतीजे ने घटना का वीडियो बना लिया और उसे अपने दोस्तों के बीच प्रसारित कर दिया। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रविवार शाम जब छात्रा के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो परिवार में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर छात्रा के भाई ने माधौगढ़ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक और वीडियो बनाने वाले उसके नाबालिग भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के मुताबिक, आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। नाबालिग पीड़िता की पहचान गोपनीय रखते हुए पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

दीपावली से पहले सालाबाद में सजने लगी 52 पत्तों की महफिल!

अमन लेखनी समाचार



जालौन। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालाबाद में कथित तौर पर 52 पत्ती के जुए का खेल शुरू होने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। गांव में जुए की महफिल सजने का दावा किया जा रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पूरे मामले को सुर्खियों में ला दिया है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर कुछ लोग ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में अवैध जुए के कारोबार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। साथ ही स्थानीय पुलिस की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ग्राम पंचायत सालाबाद में कथित रूप से जुए का खेल किसके संरक्षण में संचालित हो रहा है? क्या पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है या फिर इस गतिविधि पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है? दीपावली के त्योहार के दौरान जुए जैसी गतिविधियां कई परिवारों के लिए आर्थिक और सामाजिक परेशानी का कारण बन सकती हैं। ऐसे में वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कर जुए में शामिल लोगों की पहचान करना और नियमानुसार कार्रवाई करना जरूरी है। अब निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं। क्या जालौन कोतवाली पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच और कार्रवाई करेगी या फिर सालाबाद में कथित 52 पत्ती की महफिल इसी तरह सजती रहेगी? यह आने वाला समय बताएगा।

नोटः वायरल वीडियो में दिखाई दे रही गतिविधियों और लगाए जा रहे आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जालौन में रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़, 962 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

दयानन्द वैदिक कॉलेज में आयोजित वृहद रोजगार मेले में 1510 युवाओं ने लिया हिस्सा, विधायक विनोद चतुर्वेदी और डीएम समीर ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सोमवार को दयानन्द वैदिक कॉलेज के मुख्य परिसर में वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय उरई की ओर से आयोजित इस मेले में 1510 युवाओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न नियोजक संस्थाओं द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 962 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी समीर एवं मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने विभिन्न कंपनियों एवं नियोजक संस्थाओं के स्टॉलों का निरीक्षण कर युवाओं को उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को अपनी प्रतिभा और योग्यता प्रदर्शित करने के साथ रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने युवाओं को कौशल विकास पर ध्यान देने और उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी समीर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीकी परिवर्तन और प्रतिस्पर्धा का दौर है। ऐसे में युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शासन की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर चुनें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश चंद्र पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला सेवायोजन अधिकारी आलोक मिश्र ने रोजगार मेले के उद्देश्य और सेवायोजन विभाग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ. बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, आईटीआई प्रधानाचार्य मानसिंह भारती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी और बड़ी संख्या में युवा अभ्यर्थी मौजूद रहे। 1510 युवाओं की भागीदारी और 962 अभ्यर्थियों के प्राथमिक चयन से रोजगार मेले में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

शादी का झांसा देकर दस साल तक शारीरिक शोषण का आरोप, पुलिसकर्मी के खिलाफ युवती ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जालौन। जनपद जालौन की एक युवती ने पुलिस विभाग में तैनात एक पुलिसकर्मी पर शादी का झांसा देकर करीब 10 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ग्राम पिपरायां, थाना आटा, जनपद जालौन की निवासी बताई गई है। शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक, वर्ष 2015 में जब वह कक्षा 11वीं में पढ़ती थी और उसकी उम्र करीब 15 वर्ष थी, तब आरोपी मनीष कुमार ने शादी का झांसा देकर उसे स्कूल से होटल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि आरोपी पिछले करीब एक दशक से उसे शादी का भरोसा देता रहा। वह कहता था कि पुलिस विभाग में नौकरी लगने के बाद धूमधाम से बारात लेकर आएगा। इसी भरोसे का फायदा उठाकर वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने गर्भवती होने और आरोपी पर गर्भपात कराने का भी गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपने शिकायती पत्र में परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का भी जिक्र किया है। उसके मुताबिक, पिता बुजुर्ग हैं और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि वह स्वयं पैथोलॉजी लैब चलाकर परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही है। युवती ने पुलिस अधीक्षक से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी पुलिसकर्मी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है। फिलहाल मामला युवती की ओर से दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



दीपक की आभा-सी दमकें अनुभूतियां

दीपावली पर प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीपक जीवन में हमें बड़ी-बड़ी सीख देते हैं। ये बताते हैं कि हम कैसे अज्ञानता के अंधेरे में ज्ञान की ज्योति जलाकर सही मार्ग पर चलें, जीवन में आभा बिखेरें, हमारी अस्मिता बनी रहे। ये दीपक आपस में जुड़कर मानवीय प्रेम का प्रकाश फैलाने का महत्व भी बताते हैं। सही मायने में ये दीपक हमें जीवन दर्शन बताते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा



दीपावली के पर्व पर दीयों से भरी थाली लिए प्रकाश बांटते हुए थोड़ी-सी चमक अपने अंतर्मन में भी उतारें। मिट्टी के नन्हे दीये की उजास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। दीये की सहज-सी टिमटिमाहट जीवन से जुड़े अनगिनत पाठ पढ़ाती है। दीपावली पर अपने आंगन में ही नहीं, दूसरों की देहरी पर भी दीप रखने की परंपरा निभाने वाली सिखें, दीपक से बहुत कुछ सीख सकती हैं। दीपोत्सव मनाते हुए, दीये जलाते हुए, मिट्टी के प्यारे से दीपक से जीवन में उजास भर देने वाले सबक जरूर लें।

भरें अपने मन में उजास

घर-आंगन ही नहीं, रिश्तों को भी स्नेह के उजास से पूरने वाली सिखें खुद उपेक्षा और अकेलेपन के अंधकार से घिर जाती हैं। इंसानी भाव-चाव के उजालों से दूर अपने आप में सिमट कर रह जाती हैं। यह आशा बनी रहती है कि किसी का स्नेह, साथ या सहारा इस घेरे को तोड़ेगा। ऐसे मनोभावों से घिरी हर स्त्री माटी के दीये से सार्थक सीख ले सकती है। कहा भी गया है 'अपना दीपक स्वयं बनो' यानी पहले अपने मन को प्रकाशित करो, फिर औरों के जीवन को। यह बात उजाला फैलाने के मोर्चे पर तैनात माटी के दीपक से बेहतर कौन सिखा सकता है। स्त्रियां अकसर औरों के जीवन में उजाला भरने की जद्दोजहद में अपने भीतर पसरती अनचाही-सी पीड़ा के अंधेरे को नहीं देख पातीं, जबकि दिवाली केवल बाहर नहीं, भीतर भी उजास भरने का उत्सव है। केवल घर की साफ-सफाई नहीं बल्कि तनाव, चिंता और तुलना के भाव वाली मन में जमी धूल झाड़ने का भी अवसर है। यह त्योहार अपने हिस्से की उजास पाने के मोर्चे पर तैनात होने का जाग्रत-भाव साथ लाता है। नन्हे दीये की कांपती लौ का सौंदर्य परेशानियों में भी डटे रहने का ही सबक देता है। असीम धैर्य और हौसला सहेजे यह आभा, स्वयं अपनी अनुभूतियों को समझने का भी संदेश लिए है। आत्म साक्षात्कार के इस पर्व में महिलाएं एक दीप अपने मन में भी जलाएं।

दिखावटी चमक से दूरी

माटी का दीपक ठहराव की भी सीख देता है। आज के समय में यह सबक बहुत जरूरी है, क्योंकि झूठी चमक-दमक स्त्रियों को बहुत सी समस्याओं का शिकार बना देती है। विचारणीय है कि झिलमिलाते हुए प्रकाश की उजास में भी दीया कहीं गुम नहीं हो जाता। दीपक का अस्तित्व और आलोक चमक-दमक के बीच भी बना रहता है। वह किसी भी परिस्थिति में भ्रमित होकर अपनी लौ नहीं बुझा लेता। माटी के दीये की इस सीख में हर महिला के लिए बहुत गहरी बात समाहित है। चमचमाती कृत्रिम रोशनी के बीच भी दीये की रौनक के अपने मायने हैं। आनंद और आत्मीयता के इस उत्सव को, उल्लास से जीते हुए यह सीख जरूर लें कि अपने मन-जीवन की आभा की तुलना किसी से नहीं करनी है।

जज्बाती जुड़ाव की रोशनी

बिखरते रिश्तों के इस दौर में माटी का दीपक जुड़कर रहने की सीख भी देता है। घर-परिवार को थामने वाली महिलाएं यह बात स्वयं भी समझें और अपनों को भी समझाएं। यूं ही दिवाली के सुंदर उत्सव का प्रकाश भी अपनों के साथ से ही तो बिखरता है। दीया भी समझाता है कि जितनी आभा के साथ वह अकेला जलता है, उससे कहीं अधिक पूर्णता एक पंक्ति से जुड़ पाता है। अपने साथियों की कतार में शामिल होते ही दीपक की दमक और बढ़ जाती है। समाज, परिवार और संबंधों को आज ऐसे ही जुड़ाव की जरूरत है। अपनेपन से आलोकित होने की दरकार है। दीये जलाने का प्रतीकात्मक अनुष्ठान असल में अनुभूतियों को मानवीयता से जोड़ने का उद्देश्य लिए है। दीपक नई शुरुआत का भी प्रतीक होता है। ऐसे में रिश्तों में आई उलझनों को सुलझाकर किसी भी मोड़ पर फिर एक नई शुरुआत करने का सबक लें। मिट्टी का दीपक बंद दरवाजे के पीछे भी जल रहा हो , तो भी उसकी रोशनी बाहर निकलने का रास्ता बना ही लेती है। कहीं दूर अंधेरे में जल रहा दीया भी अपने होने की चमक हम तक पहुंचा ही देता है। इसीलिए घरों की चौखट और मुंडेर पर दीपक जलाते हैं। दीपक से जीवन के किसी भी पड़ाव पर नई शुरुआत कर अपने जीवन को जगमग करने का पाठ अवश्य पढ़ें।

कोशिशों की उजास

माटी का टिमटिमाता दीपक समझाता है कि अपनी शक्ति और सामर्थ्य को समेटकर आगे बढ़ते रहो। दीपक की बाती हवाओं से पूरी हिम्मत से जूझती है। ठिठकती है, मंद पड़ती है पर बुझती नहीं। स्त्रियों को भी चेतना के धरातल पर यूं ही जाग्रत रहना चाहिए। हंसते-मुस्कुराते जीवन के हर पहलू के प्रति जागरूक रहते हुए आगे बढ़ने का भाव रखना चाहिए। जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ में अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उम्मीदों का दामन थामे रहना आवश्यक है। दीया जलते ही घर के सभी कोने सकारात्मक ऊर्जा से भर जाते हैं। यूं ही महिलाएं भी हर परिस्थिति में अपने व्यवहार को सकारात्मक और विचारों की समझ से प्रकाश से लबरेज रखने की कोशिश करती हैं। यह बात व्यक्तिगत रूप से महिलाओं के जीवन में ही नहीं, पूरे परिवार में खुशहाली लाती है। दीये से यह सीखना होगा कि किस तरह सौम्य मुस्कुराहट बिखेरते हुए सहज स्वीकार्यता का भाव रखना है।

जब तक घर-आंगन में खूबसूरत सी रंगोली न सजी हो, दीपावली की सजावट अधूरी लगती है। रंगोली से सारी सज्जा खिल उठती है। हम यहां आपको बता रहे हैं, कुछ आसान-आकर्षक रंगोली डिजाइंस के बारे में।

रंग-बिरंगी रंगोली से सजाएं घर

साज-सज्जा

श्वेता आर्यनगर



जब बात हो दीपावली पर सजावट करने की, तो आज के दौर में इसके आधुनिक और हाईटेक के कई तरीके उपलब्ध हैं। लेकिन सजावट के कुछ पारंपरिक तरीकों का सौंदर्य, लाजवाब होता है। रंगोली भी इन तरीकों में से एक है। रंगोली सजाने के कुछ खूबसूरत पैटर्न के बारे में जानिए।

बिंदुओं वाली रंगोली: ट्रेडिशनल बिंदु वाली रंगोली दीपावली पर खूब पसंद की जाती है। इसे शुभ भी माना जाता है। भले ही इसे बनाने में समय अधिक लगता है लेकिन तैयार होने पर बेहद खूबसूरत लगती है। इसमें बिंदु छाप या सफेद चाक की मदद से खूबसूरत पैटर्न बनाए जाते हैं। इसमें ज्यादातर भगवान कृष्ण, भगवान गणेश, देवी लक्ष्मी के चरण, स्वास्तिक, स्टार, फूल, दीपक, जियोमेट्रिकल शेप्स, मोर या दक्षिण भारतीय कला पैटर्न बनाए जाते हैं। आप इसे केवल सफेद आउटलाइन के रूप में छोड़ सकती हैं या रंगोली पाउडर, हल्दी-चावल और रंग-बिरंगे अनाज से रंग भरकर और आकर्षक बना सकती हैं।



फूलों वाली रंगोली: इस तरह की रंगोली जल्दी बन जाती है और इसे सजाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। इसे बनाने के लिए आप अलग-अलग तरह के ताजे साबुत फूल, सूखे फूल, फूलों की पंखुड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल करके शानदार रंग-बिरंगे पैटर्न और डिजाइन बना सकती हैं। आप इसे गोल, चौकोर किसी भी आकार में बना सकती हैं। इसके बीच में छोटे दीए रख सकती हैं। जब इस रंगोली पर दीयों की रोशनी चमकती है, तो यह और भी खूबसूरत लगती है।

रेडीमेड रंगोली: अगर आप रंगोली बनाने में एक्सपर्ट नहीं हैं, तो निराश न हों। आजकल बाजार में रेडीमेड रंगोली स्टेंसिल्स मिल जाते हैं। ये स्टेंसिल्स आप कई बार इस्तेमाल कर सकती हैं। इनमें आपको अलग-अलग डिजाइन और शेप मिल जाएंगे। ॐ, स्वास्तिक और फेस्टिवल के अनुसार डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे। आप अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार इन स्टेंसिल्स का उपयोग करके रंगोली को और भी खास बना सकती हैं। स्टेंसिल्स के अलावा इन दिनों डी.आई.वाई. रंगोली किट भी ट्रेंड में हैं। इस तरह की किट में डिजाइन शीट, कलर और सजावट का सामान एक साथ आता है। बस आपको इसमें रंग भरना होता है और मिनटों में सुंदर रंगोली रेडी हो जाती है।

पानी पर रंगोली: अगर आप कुछ नया और अलग आजमाना चाहती हैं, तो पानी पर रंगोली बनाना भी बेहतर विकल्प है। पानी पर बनी रंगोली न केवल आकर्षक दिखती है, बल्कि इसे संभालना और सजाना आसान होता है। इसके लिए किसी चौड़े बर्तन या थाली में पानी भरें और ऊपर से कुछ बूंदें तेल की डालें, ताकि रंग पानी में फैले नहीं। आप चाहें तो थाली के अंदर की सतह पर पहले हल्का तेल लगा सकती हैं। इससे रंगोली ज्यादा देर तक टिकती है। फिर धीरे-धीरे रंग या फूलों के पीटल्स से अपनी पसंद का पैटर्न बना लें। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आप इसमें फ्लोटिंग दीयों या अरोमा कैंडल्स से भी सजा सकती हैं।



क्रिएटिविटी का करें यूज: थोड़ी-सी क्रिएटिविटी और घर में मौजूद कुछ सामान से भी आप शानदार रंगोली बना सकती हैं। जैसे चूड़ी, सुपारी, ईयरबड्स, पेपर कप्स, चम्मच आदि चीजों की मदद से भी बेहद सुंदर रंगोली डिजाइन बना सकती हैं। ई-टूल्स से रंगोली जल्दी बन जाती है और देखने में भी बेहद सुंदर लगती है। आप चाहें तो यू-ट्यूब पर रंगोली ट्यूटोरियल की मदद से स्टेप बाय स्टेप इस तरह की रंगोली बनाना सीख सकती हैं। थोड़ी सी-प्रैक्टिस और कल्पनाशक्ति के साथ आप हर बार कुछ नया ट्राई कर सकती हैं।

(रंगोली एक्सपर्ट प्राची वर्मा से बातचीत पर आधारित)

सलाह

चैतन्या

दीपावली के मौके पर अपने हाउस हेल्पर्स की खुशी का पूरा ख्याल रखें। वे भी त्योहारी खुशी के हकदार हैं। हमेशा आपके मददगार रहने वाले ये हाउस हेल्पर्स जब त्योहार पर आपका स्नेह-प्यार और सम्मान पाएंगे, इनको खुशियां तो मिलेंगी ही, आपकी खुशियां दोगुनी हो जाएंगी।

त्योहार पर हाउस हेल्पर्स का भी रखें ख्याल



किंग वूमेन हों या हाउस वाइफ, इनकी मदद के बिना दीपावली का पर्व नहीं मनाया जा सकता। सफाई के मोर्चे पर डटने से लेकर खाने-पीने की सामग्री तैयार करने तक, मार्केट से सामान लाने तक हाउस हेल्पर्स की सहायता ली जाती है। ऐसे में दीपावली पर अपने डोमेस्टिक वर्कर्स को भी खास सम्मान दें। आभार और उपहार संग पराए कहे जाने वाले इन अपनों के प्रति भी अपनापन जरूर जताएं।

मन से कहें धन्यवाद: चमचमाते घर में दीपावली मनाते हुए साफ-सफाई के काम में आपका साथ देने वाली अपनी सहायिका या हेल्पर को ना भूलें। त्योहारी तैयारी से जुड़े कितने ही काम में आपका साथ देने वाले इन हाउस हेल्पर्स को दिल से धन्यवाद कहें। अमतौर पर काम हो जाने के बाद किसी की भी उपेक्षा का रवैया अपनाना हमारे घरों में आम सी बात है। महिलाएं तो इस सोच और व्यवहार को और अच्छे से समझ सकती हैं। ऐसे में आपकी मदद करने वाले हाउस हेल्पर्स के लिए प्यारा-सा धन्यवाद तो बनता ही है। दिखावटी औपचारिकता से दूर आपके शब्द और बर्ताव उन्हें यह जरूर महसूस करवाएं कि उनकी मदद की बहुत अहमियत है। उनका साथ आपके यहां नौकरी करने वाले एक इंसान भर का नहीं बल्कि मन-जीवन का संबल-सा है।

दें जरूरत के सामान: उपहार किसी को भी दिया जाए, इमोशनल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। ऐसे में अपने हाउस हेल्पर्स को उनकी जरूरत के मुताबिक कोई गिफ्ट दें। यहां-वहां से आए गिफ्ट थमाकर फॉरमैलिटी पूरी न करें। बहुत चीजें भले ही महंगी हों, अच्छी हों लेकिन उनके लिए काम की नहीं होती हैं। यह न भूलें कि उनकी जीवनशैली और जरूरतें आपसे अलग हैं। चाहें तो अपने बजट के अनुसार उनसे पूछ लें कि उन्हें किस चीज की जरूरत है। समय पर उन्हें त्योहारी बोनस दें। मिठाइयां, कपड़े या कोई अन्य आइटम देते हुए उनकी जिंदगी की आवश्यकताओं को भी समझें। कई घरों से एक ही तरह के सामान मिलने से उनके लिए संभालना मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं, घर की गैर-जरूरी चीजों से फ्री करने के लिए उन्हें पुराने समान भी ना थमाएं। वे शायद खुलकर मना ना कर पाएं, लेकिन आप तो समझें कि क्लटर तो उनके भी किसी काम नहीं आएगा। गिफ्ट देते हुए बरती गई थोड़ी सी समझदारी आपका जीवन सहज बनाने वाले सहायकों का जीवन आसान कर सकती है।



त्योहार से पहले लें मदद

दीपावली आपके लिए ही नहीं, उनके लिए भी बड़ा त्योहार है। ऐसे में अपने मददगारों को दीपावली के दिन तक छुट्टी न दें। समय रहते और प्लानिंग के साथ उत्सव की तैयारियां शुरू करें। अपने घर के तरह काम निपटाते हुए यह न भूलें कि आपकी प्रेत्नू सहायिका के घर भी त्योहार है। डोमेस्टिक हेल्पर को अपने घर में भी तैयारियां करनी होती हैं। उत्सव के दिन तक चलने वाला काम का यह ओवर लोड उनका भी रूटीन बिगाड़ देता है। खुशियां मनाने के बजाय तनाव के घेरे में ले आता है। उनकी मदद जरूर लें, लेकिन जबरन पर छुट्टी भी कर दें। साथ ही अगर आपके यहां काम कर रहे किसी डोमेस्टिक हेल्पर को दीपावली पर अपने घर जाना हो तो उसे छुट्टे वेतन में भी आनाकानी न करें।

ट्रेंड

ललिता गोटरल

फेस्टिव ऑकेजन पर एसेसरीज से पाएं स्टनिंग लुक

जब मौका हो दीपावली जैसे पर्व का तो सजना-संवरना और खूबसूरत दिखना भला कौन नहीं चाहेगा! दूसरों से खुद को अलग दिखाने के लिए कुछ अलग एफर्ट करना जरूरी होता है। इसके लिए आप कुछ स्पेशल एसेसरीज को कैरी कर सकती हैं।

स्टेटमेंट ज्वेलरी: स्टेटमेंट ज्वेलरी, आमतौर पर बड़ी साइज की और डिजाइनर होती है, जो लुक को एक नए लेवल पर ले जाती है। स्टेटमेंट ज्वेलरी में चंकी नेकलेस, पायल, झुमका, चूड़ी या कड़ा शामिल होते हैं, जो साड़ी या लहंगे के साथ परफेक्ट लगते हैं। ट्रेडी और मॉडर्न लुक के लिए मेटल और स्टोन से बनी स्टेटमेंट ज्वेलरी जैसे गोल्डन और सिल्वर चोकर सेट, मीनाकारी कड़ा या स्टोन वाली अंगूठियां भी लुक को और सुंदर बना सकती हैं। खूबसूरत-सी कॉकटेल रिंग भी परफेक्ट लुक देने में मदद करती है।



मांगटीका और बिंदी: पारंपरिक मांगटीका और बिंदी भी फेस्टिव लुक में एक खास टच जोड़ती है। भारतीय परंपरा में एथनिक लुक के साथ बिंदी न लगाई जाए तो कुछ अधूरा सा लगता है। लहंगे और साड़ी के साथ मांग टीका भी आपके लुक को कंप्लीट करता है।



पोल्की झुमके विद लेयर चेन: फेस्टिव लुक में पोल्की झुमके एकदम ट्रेडिशनल लुक देते हैं पोल्की झुमकों के साथ लेयर में चेन अटैच्ड करके बालों में पिनअप करके एंटीक टच पाया जा सकता है।



डिजाइनर चूड़ियां: फेस्टिव सीजन में लुक को और भी ज्यादा इनहैंस करने के लिए आप आउटफिट के हिसाब से मैचिंग या फिर कलरफुल चूड़ियां पहन सकती हैं। इसके अलावा ऑक्सीडाइज और कुंदनवर्क के बैंगल्स भी परफेक्ट लुक देते हैं।

आकर्षक कमरबंद: स्टोन स्टडेड एंड पर्ल बीडेड कमरबंद भी साड़ी और लहंगे के साथ परफेक्ट लुक देता है। कांजीवरम या बनारसी साड़ी पर ट्रेडिशनल कमरबंद पहनने से एक स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

हेयर एसेसरीज: गजरा, हेयर पिंस या फ्लोरल हेड गियर के जरिए आप अपने हेयरस्टाइल को फेस्टिव रंग में रंग सकती हैं।

(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)

प्रिकॉशन

महिलाएं त्योहार की तैयारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि अपनी डाइट और सेहत पर ध्यान नहीं दे पातीं। ऐसे में उनको कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए डाइट का ध्यान रखना जरूरी है।

जब लेंगी प्रॉपर डाइट सही रहेगी आपकी हेल्थ



दीपावली जैसे बड़े फेस्टिवल पर महिलाएं सफाई, सजावट, पूजा और मेहमानों की खातिरदारी में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में ज्यादा मीठा और तला-भुना खाने, पानी कम पीने और नींद पूरी न होने से गैस, एसिडिटी, थकान होने के साथ ही ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए त्योहार का आनंद लेने के साथ खान-पान में संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

न करें ये गलतियां: त्योहार के दिनों में मिठाइयों और नमकीन का जरूरत से ज्यादा सेवन, समय पर भोजन न करना, पानी कम पीना और देर रात तक जागना सेहत पर भारी पड़ सकता है। लंबे समय तक खाली पेट रहने से एसिडिटी बढ़ सकती है, जबकि पर्याप्त पानी न पीने से कब्ज और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसलिए व्यस्तता के बीच भी समय पर खाना खाएं और आराम के लिए वक्त जरूर निकालें।

खुद को भी दें प्राथमिकता: कई महिलाएं परिवार और मेहमानों की देखभाल के साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भूल जाती हैं। ऐसे में अपनी सेहत को भी प्राथमिकता दें। इस दौरान संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, पूरी नींद और हल्की शारीरिक क्रियाविधि आपको ऊर्जावान बनाए रख सकती है। याद रखें, त्योहार का असली आनंद तभी है, जब स्वाद के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जाए। महिलाएं अकसर परिवार और मेहमानों का ख्याल रखते-रखते अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। नतीजा यह होता है कि त्योहार के बाद वे थकान, एसिडिटी, वजन बढ़ना या ब्लड शुगर/बीपी में गड़बड़ी जैसी समस्याओं से जूझने लगती हैं। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं खुद की डाइट और दिनचर्या का संतुलन बनाए रखें।

ऐसी हो आपकी डाइट: त्योहार के समय महिलाओं की डाइट कैसी हो इस बारे में कोकून हॉस्पिटल, जयपुर में सीनियर कंसल्टेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, डॉ. चारुलता बंसल बताती हैं, 'महिलाओं को हल्का, संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेना चाहिए। दिन की शुरुआत पोहा, उपमा, दलिया या इडली जैसे पौष्टिक नाश्ते से करें। खाने में हरी सब्जियां, दाल, दही, सलाद और साबुत अनाज शामिल करें। मिठाइयां खाएं, लेकिन उनकी मात्रा सीमित रखें। तले-भुने स्नैक्स की जगह भुने चने, मखाने और मेवे चुनें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और छाछ या नींबू-पानी जैसे पेय भी लें।

शुगर-बीपी पेशेंट रहें सतर्क: डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रही महिलाओं को त्योहारों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी डॉ. साकेत कांत सलाह देते हैं, 'दवाएं समय पर लें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ब्लड शुगर की जांच करवाती रहें। मीठे और ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थों की मात्रा नियंत्रित रखें। बीपी की समस्या होने पर नमक और तली भुनी चीजों का सेवन सीमित करें।

दिवाली जैसे त्योहार में स्वादिष्ट व्यंजन खाने का आनंद लेना गलत नहीं है, लेकिन समझदारी से खाया गया हर निवाला ही सेहत का असली मंत्र है। ऐसे में त्योहार की खुशी अच्छे से मना पाएंगी।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स